फाल्गुन शुक्ल पक्ष- 12, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 235 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

28 फरवरी 2026 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

32.4 अधिकतम

15.6 न्यूनतम


Page-7

## न्यूज विंडो

### टी-20 में आज श्रीलंका का सामना करेगा पाकिस्तान




**पल्लेकल।** न्यूजीलैंड पर इंग्लैंड की जीत से पाकिस्तान की उम्मीदें भले ही जीवंत हो गई हैं, लेकिन अगर उसे सेमीफाइनल में पहुंचना है तो हर हाल में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण का मुकाबला आज पल्लेकल में खेला जाएगा। सुपर आठ में पाकिस्तान का एक मैच पहले ही बारिश में धुल चुका है और अगर ये मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ा तो पाकिस्तान को नुकसान होगा।

सेमीफाइल की दौड़... पेज 8

### दिवंगत अजित व उनकी पत्नी सुनेत्रा को क्लीन चिट

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की उस रिपोर्ट को मान लिया है, जिसमें महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) में लोन बांटते समय करीब 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है।

### यू ट्यूबर सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला



**लोनी (गाजियाबाद)।** लोनी थाना क्षेत्र अली गार्डन कालोनी में मुस्लिम कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक पर दो लोगों चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय वह नमाज पढ़कर आए थे और अपने कार्यालय में बैठे हुए थे। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दिल्ली जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में उनके बेटे ने पांच लोगों पर हमले का शक जाहिर करते हुए सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### यूथ प्रेसिडेंट उदय भानु चिब को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट पर हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने उनकी पुलिस कस्टडी को सात दिनों के लिए बढ़ाने की अर्जी दी थी, लेकिन ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने इसे खारिज कर दिया। अधिवक्ता सुलेमान मोहम्मद खान के अनुसार, पुलिस ठोस कारण नहीं बता सकी, जिसके चलते मजिस्ट्रेट ने जमानत मंजूर की।

### लाश से दुष्कर्म करने वाले को 5 साल बाद मिली सजा

**पानीपत।** पांच साल पहले सास की हत्या कर शव जलाने के दोषी नूरहसन उर्फ राजू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी नूरहसन पर अपनी पहली पत्नी की हत्या का मामला अदालत में विचाराधीन है, जबकि साली की हत्या कर शव जलाने के मामले में वह आरोपमुक्त हो चुका है। उस पर हत्या के बाद शव से दुष्कर्म का भी आरोप है।

### आज का कार्टून

तालिबान ने पाकिस्तान को जबरदस्त ठोका




## सुलह की कोशिश के बीच अटैक...ईरान ने सभी उड़ानें रोकीं, एयरस्पेस खाली कराया

# अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

## कई शहरों में धमाके, खामेनेई को सुरक्षित जगह भेजा

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया है। भारतीय समय के मुताबिक आज सुबह हुए इस हमले के बाद शहरों में धुएं का गुबार नजर आ रहा है। इजराइली हमले के बाद ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने ईरान पर हमले की जानकारी देते हुए इसे 'प्रिवेंटिव अटैक' बताया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने अल जजीरा को बताया कि ईरान पर किए गए हमले अमेरिका और इजराइल की जॉइंट सैन्य कार्रवाई का हिस्सा है। तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं। हमले के बाद ईरान ने सभी उड़ानें रोक दी हैं और एयरस्पेस पूरी तरह खाली करा लिया गया है। इधर इजराइल में भी एयर अटैक सायरन सुनाई दे रहे हैं। संवेदनशील इलाकों को खाली कराया जा रहा है। लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है।

फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक राजधानी तेहरान में यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जोम्हौरी इलाके में कई मिसाइलें गिरी हैं। ईरान की ओर से भी मिसाइल लांच किया जा सकता है। ईरान से कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें धमाका होता दिखाई दे रहा है। लोगों में अफरातफरी का माहौल है। ईरानी मीडिया ने कहा है कि इजरायली सेना ने ईरानी सेना IRGC के खुफिया विभाग के मुख्यालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा मध्य तेहरान को भी निशाना बनाया गया है। अभी इजरायल की ओर किसी मिसाइल हमले की कोई सूचना नहीं है। इजरायल ने आम नागरिकों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजरायल छोड़ने के लिए कहा था। हमले से कुछ समय पहले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने दावा किया था कि ईरान ने परमाणु बम बनाने लायक न्यूक्लियर मैटेरियल कभी न रखने पर सहमति दी है उन्होंने इसे ऐतिहासिक सफलता बताते हुए कहा था कि अमेरिका-ईरान शांति समझौता अब 'हमारी पहुंच में' है।



**विदेशी नागरिकों को सलाह :** इस बीच वर्तमान हालात के मद्देनजर दुनिया के अलग-अलग देशों की तरफ से एडवाइजरी जारी की जा रही है। इसी क्रम में ब्रिटेन ने इजरायल और ईरान में रह रहे अपने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) अब इजरायल और फिलिस्तीन की जरूरी यात्रा को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर यात्रा न करने की सलाह दे रहा है। एफसीडीओ ने गाजा की यात्रा न करने की सलाह दी है। एफसीडीओ ने गाजा के साथ बॉर्डर के 500 मीटर के अंदर यात्रा न करने की सलाह दी है। इसके अलावा, एडवाइजरी में वेस्ट बैंक, तुलकरम गवर्नरेट, जेनिन गवर्नरेट और टुबास गवर्नरेट और रूट 90 को भी शामिल किया गया है। सलाह दी गई है है कि कब्जे वाले गोलन हाइट्स (अल्फा लाइन) में एरिया ऑफ सेपरेशन के 500 मीटर के अंदर कोई भी यात्रा न करें। सीरिया के रास्ते कब्जे वाले गोलन हाइट्स में घुसने की कोशिश न करें। इजराइल की एडवाइजरी के मुताबिक, हमने सावधानी के तौर पर अपने कुछ स्टाफ और उनके आश्रितों को तेल अवीव से इजरायल के अंदर किसी दूसरी जगह पर कुछ समय के लिए भेज दिया है। हमारा दूतावास नॉर्मल तरीके से काम कर रहा है।

### उधर, पाक-अफगान के बीच तनाव बढ़ा, तीन सौ के मरने की खबर

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। आज तड़के पक्तिका प्रांत के तेरवा जिले में दुरंड रेखा के पास दोनों देशों की सेनाओं के बीच फिर से झड़प शुरू हो गई। टोलो न्यूज की रिपोर्ट्स में बताया कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात की सेनाओं ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से हवाई हमले किए। स्पिनवाम के सैन्य अड्डे पर हमले के बाद आग लगने की भी खबर है। दावा किया जा रहा है कि अब तक इस संघर्ष में करीब तीन सौ लोगों की मौत हो गई है।

विस्तृत खबर... पेज 8

## सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान के लिए अजमेर पहुंचे पीएम मोदी, बोले-

# कांग्रेस के कुकर्मों को देश माफ नहीं करेगा

**अजमेर. एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस घात लगातार देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। उसके ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा। देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को बदनाम करना, ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। ये वही कांग्रेस है, जिसने जवानों को हथियारों और वर्दी तक के लिए तरसा रखा था। वन रैंक वन पेंशन से वंचित रखा था। पीएम मोदी आज सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान की शुरूआत के लिए अजमेर पहुंचे थे। कांग्रेस अब आईएनसी नहीं है, एमएमसी है यानि मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस। साथियों हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें दुनिया के अनेक देशों के पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए। भारत की खुले मन से प्रशंसा की। साथियों इस पर आपको गर्व हुआ, लेकिन हताशा, निराशा में डूबी लगातार पराजय के कारण थक चुकी कांग्रेस ने क्या किया? दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत करने की कोशिश की।


पीएम मोदी को स्मृति चिन्ह देते राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा

## दक्षिणी अमेरिका के बोलिविया की घटना

# करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत, नोट उठाने जुटे लोग



**ला पाज. एजेंसी**

दक्षिणी अमेरिका के देश बोलिविया के एल आल्टो शहर में आज एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आईं। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### दो टुकड़ों में बंटा प्लेन

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल दिखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को पानी की बौछार और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। हादसे के बाद एल आल्टो इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। राष्ट्रीय एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि दुर्घटनाग्रस्त प्लेन उसके बेड़े का हिस्सा नहीं था, यह बोलिवियन एयर फोर्स का विमान था। स्थानीय मीडिया में प्रसारित फुटेज में विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखा। हादसे के बाद प्लेन दो टुकड़ों में बंट गया। हादसे के कारणों की आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में जारी है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

## मिशन चीता की नई उड़ान...

# बोत्सवाना से 9 और चीते कूनो पहुंचे, भारत में संख्या 48 हुई

**श्योपुर. एजेंसी**

कूनो नेशनल पार्क में आज की सुबह इतिहास के एक और पन्ने पर चीते के पंजों के निशान दर्ज हो गए। बोत्सवाना से 12 घंटे की हवाई यात्रा के बाद 9 नए चीते भारत पहुंचे और हेलिकॉप्टर से कूनो लाकर सीधे क्वारंटीन बाड़ों में शिफ्ट कर दिए गए। इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या 39 से बढ़कर 48 हो गई।नई खेप में 6 मादा और 3 नर चीते हैं। अब तक कूनो में नर चीतों का पलड़ा भारी था, लेकिन इस खेप ने संतुलन की तस्वीर बदल दी है। इससे आने वाले महीनों में प्रजनन की रफ्तार तेज हो सकती है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव कूनो पहुंचे।




## झारखंड नगर निकाय चुनाव

# मेयर पदों पर भाजपा का कब्जा

**रांची. एजेंसी**

झारखंड में 23 फरवरी को हुए आठ नगर निगमों के मेयर चुनावों के परिणाम शुक्रवार देर रात तक घोषित हो चुके हैं। सिर्फ धनबाद का परिणाम आना शेष है। भाजपा समर्थित या बागी उम्मीदवार पांच सीटों पर कब्जा जमाते दिख रहे हैं, जबकि जेएमएम ने 2 और कांग्रेस ने 2 सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। मतगणना देर रात तक चली, जिसमें भाजपा की पकड़ साफ नजर आई। वहीं गिरिडीह, देवघर और मानगो जैसे इलाकों में सत्ता पक्ष हावी रहा। कुल वोटर टर्नआउट 61.84% रहा, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित प्रमिला मेहरा ने गिरिडीह नगर निगम में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा समर्थित डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को 14,599 वोटों के बड़े अंतर से हराया। प्रमिला को 38,091 वोट मिले, जबकि चौधरी को 23,493 वोटों पर संतोष करना पड़ा।

## मेट्रो एंकर

## उन देशों से अधिक पलायन जहां टैक्स ज्यादा , ब्रिटेन और चीन सबसे आगे

# अपना देश छोड़ने वाले अमीरों की संख्या बढ़ी, भारत का नंबर तीसरा

**नईदिल्ली. एजेंसी**

पिछले साल हजारों की संख्या में अमीरों ने दूसरे देशों में पलायन किया। एक अनुमान के मुताबिक यह संख्या 142,000 रही। भारत उन टॉप तीन देशों में शामिल है जहां से अमीरों ने दूसरे देशों का रुख किया। इस लिस्ट में पहले नंबर पर ब्रिटेन रहा। जहां से पिछले साल कुल 16,500 रईस देश छोड़कर चले गए। उससे पहले 2024 में भी 10,800 अमीरों ने ब्रिटेन को अलविदा कहा था। ब्रिटेन की इकॉनमी करीब एक दशक से खराब प्रदर्शन से जूझ रही है। इस दौरान सरकारों द्वारा किए गए कर सुधारों से अमीरों पर टैक्स का बोझ बढ़ गया है। इस कारण वे यूएई, मोनाको और माल्टा जैसे देशों का रुख कर रहे हैं। न्यू वर्ल्ड वेल्थ की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के बाद अमीरों का सबसे ज्यादा पलायन चीन से हुआ है। दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी वाले इस देश से पिछले साल 7,800 अमीरों ने दूसरे देशों का रुख किया। भारत इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है।



भारत से पिछले साल 3,500 रईसों ने दूसरे देशों में पलायन किया। इसी तरह साउथ कोरिया से 2,400, रूस से 1,500, ब्राजील से 1,200, फ्रांस से 800, स्पेन से 500, जर्मनी से 400 और इजरायल 350 रईसों ने दूसरे देशों का रुख किया।

### 'टेक्स हेवन' यूएई को फायदा

इस दौरान सबसे ज्यादा फायदे में यूएई रहा जहां जीरो टैक्स है। पिछले साल दुनियाभर से 9,800 रईसों ने यूएई का रुख किया। इटली में 3,600, स्विट्जरलैंड में 3,000, सऊदी अरब में 2,400, सिंगापुर में 1,600, पुर्तगाल में 1,400, ग्रीस में 1,200, कनाडा में 1,000 और ऑस्ट्रेलिया में 1,000 रईस दुनिया भर से आए।

### अमेरिका में 'डोनाल्ड डैश'

अमेरिका के मामले में दूसरी तस्वीर भी है। फाइनेंशियल डेली की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका छोड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है। साल 1935 की महामंदी के बाद पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन का अनुमान है कि पिछले साल अमेरिका से करीब 1.5 लाख लोगों ने पलायन किया था। इस साल यह संख्या और बढ़ सकती है। कई एक्सपर्ट्स इसे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार से जोड़कर देख रहे हैं और इसे डोनाल्ड डैश नाम दे रहे हैं।



# बाजारों में रंग-बिरंगी पिचकारियों की बहार

भोपाल। शहर में होली उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जैसे-जैसे रंगों का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। राजधानी के प्रमुख बाजारों में दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां, गुलाल और विभिन्न तरह के होली आइटम सजने लगे हैं। खासकर बच्चों में पिचकारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस बार बाजार में कार्टून कैरेक्टर, टैंक वाली बड़ी पिचकारी, प्रेशर गन पिचकारी, बैकपैक स्टाइल पिचकारी और एलईडी लाइट वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों तक के लिए अलग-अलग रेंज की पिचकारियां दुकानों पर सजाई गई हैं। बच्चे माता-पिता के साथ बाजार पहुंचकर पिचकारी खरीद रहे हैं।

**दुकानदारों को अच्छे व्यापार की उम्मीद:** दुकानदारों का कहना है कि होली से करीब दो हफ्ते पहले ही ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई है। इस बार नए डिजाइन और बेहतर क्वालिटी की पिचकारियां आई हैं, जिससे बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद है। 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं।

**रंग और गुलाल की भी बढ़ी मांग:** पिचकारियों के साथ-साथ हर्बल गुलाल, ऑर्गेनिक रंग और पानी में घुलने वाले कलर की भी मांग बढ़ रही है। लोग अब त्वचा को ध्यान में रखते हुए केमिकल फ्री रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**बाजारों में बढ़ी चहल-पहल:** पुराने शहर और नए बाजारों में शाम के समय खास भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानों को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक बनाया गया है। बच्चों की हंसी और रंगों की चमक से पूरा माहौल होलीमय नजर आने लगा है।



### ट्रेनी डीएसपी से डीजीपी बोले- बदल रहा पुलिसिंग का रूप

# साइबर फील्ड में स्किल्ड बनें, एआई के उपयोग में पारंगत हों, सोशल मीडिया में सजगता रखें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने कहा है कि बदलते दौर में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अधिकारियों को साइबर फील्ड में अपनी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा तथा तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग में दक्ष बनना होगा। सेवाकाल में की गई एक छोटी सी लापरवाही भी पूरे जीवन पर दाग बन सकती है, इसलिए नियमों के अनुरूप ही कार्य करें। सोशल मीडिया की सक्रियता के इस दौर में छोटी सी घटना भी वायरल हो सकती है, इसलिए सजगता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है। डीजीपी मकवाणा ने ये बातें प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों से कहीं। भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को मध्यप्रदेश पुलिस के 43वें बैच के 17 परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह हुआ। प्रदेश



पुलिस के महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि सलामी ली। पुलिस महानिदेशक ने सभी प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अधिकारियों को निरंतर साइबर फील्ड में अपनी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा तथा तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग में दक्ष बनना होगा। मकवाणा ने 'सिंहस्थ 2028' के परिप्रेक्ष्य में आने वाली संभावित सुरक्षा, साइबर एवं संगठित अपराध संबंधी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों से आह्वान किया कि वे भविष्य की परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को तैयार रखें तथा बदलते अपराध परिदृश्य के प्रति सजग एवं सक्षम बनें।

### सोशल मीडिया के दौर में पब्लिक को क्विक एक्शन चाहिए

डीजीपी ने कहा कि आज धार्मिक आयोजन से संबंधित या सामुदायिक मुद्दे तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ा कोई भी विषय हो, सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत व्यापक रूप ले लेता है। जनता की अपेक्षा रहती है कि पुलिस द्वारा तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। इसलिए हर अधिकारी को अपने चरित्र, अनुशासन और निर्णय क्षमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेवा काल में की गई एक छोटी सी लापरवाही भी पूरे जीवन पर दाग बन सकती है, इसलिए नियमों के अनुरूप ही कार्य करें।

# 150 शवों पर तीन साल तक की रिसर्च एम्स के डॉक्टरों को मिली नई लार ग्रंथि

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल से एक ऐसी खबर आई है जिसने मेडिकल दुनिया को चौंका दिया है। एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने दावा किया है कि उन्होंने मानव शरीर में एक नई लार ग्रंथि की पुष्टि की है। यह ग्रंथि नाक के पीछे, गले के ऊपरी हिस्से यानी नैसोफैरिंक्स में पाई गई है। करीब तीन साल तक चले अध्ययन और 150 संरक्षित शवों की जांच के बाद एम्स ने इसे स्पष्ट रूप से पहचाना है। इस ग्रंथि को 'ट्यूबारियल ग्लैंड' नाम दिया है। अगर यह खोज पूरी तरह स्वीकार होती है, तो शरीर रचना की किताबों में बड़ा बदलाव तय है। एम्स भोपाल के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अंशुल राय और उनकी टीम ने बताया कि यह ग्रंथि नाक और गले के जोड़ के पास एक तय जगह पर मौजूद रहती है। इसका आकार लंबा और हल्का त्रिकोण जैसा है। सबसे अहम बात यह है कि इसमें एक साफ नलिका (डक्ट) पाई गई, जिससे यह अपना स्राव बाहर निकालती है। माइक्रोस्कोप से जांच करने पर इसकी बनावट सामान्य लार ग्रंथियों जैसी ही मिली। यानी यह सिर्फ ऊतक (टिश्यू) का गुच्छा नहीं, बल्कि एक स्पष्ट और सक्रिय संरचना है।

# आज से 8 लाख बेटियों को फ्री टीके

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए देश में पहली बार बड़े पैमाने पर मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी अजमेर से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। मप्र में इसकी शुरुआत भोपाल के काटजू अस्पताल से होगी। प्रदेश में 90 दिनों में करीब 8 लाख बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है। 5.8 लाख डोज जिलों में भेजी जा चुकी हैं।

**इसलिए होता है सर्वाइकल कैंसर :** जल्दी शादी, कम उम्र में बच्चे होना, कई यौन साथी और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता इसके प्रमुख कारण हैं।

**टीकाकरण जरूरी:** भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर। हर साल 1.25 लाख महिलाएं इसकी चपेट में आती हैं और 75 हजार की मौत हो जाती है। किशोरावस्था में टीका लगने से 30 वर्ष की उम्र तक कैंसर का जोखिम 85 फीसदी कम।

# पराली जलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, गांवों में चलाएं जागरुकता अभियान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

जिले में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। शुक्रवार को बैरसिया दौरे पर पहुंचे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को जागरूक किया जाए और पराली जलाने से रोका जाए। कलेक्टर ने कहा कि पराली जलाना न केवल वायु प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी नुकसान पहुंचाता है।

कलेक्टर ने एसडीएम आशुतोष शर्मा से कहा कि गेहूं और चने की कटाई के बाद कृषि विभाग के साथ समन्वय कर गांव-गांव भ्रमण किया जाए। किसानों को समझाइश दी जाए कि पराली जलाने के दुष्परिणाम क्या हैं और इसके विकल्प अपनाने के लिए



प्रेरित किया जाए। उन्होंने संकेत दिए कि समझाइश के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतोषजनक और समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बैरसिया तहसील का प्रदर्शन राज्य औसत से कम नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने नगर पालिका बैरसिया के विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। अमृत 2.0 और कायाकल्प योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बसई तालाब और माड़ा इमली क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए तालाब की जलग्रहण क्षमता बढ़ाने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु में पर्याप्त जल संचय हो सके।

### पीड़िता बोलीं- धर्मांतरण वाली बहनें कोडवर्ड से बेचती थीं ड्रग्स, कहा

# गरीब घरों की लड़कियों को किया जाता था टारगेट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल में धर्मांतरण, रेप और देह व्यापार के आरोपों में घिरी दो बहनें आफरीन और अमरीन चार साल पहले अब्बास नगर की झुग्गी बस्ती छोड़ चुकी थीं। इसके बाद भी स्थानीय रहवासी उनकी करतूतों के कारण परेशान थे। अब्बास नगर में रहने वाले पड़ोसी ताज मोहम्मद ने बताया कि दोनों बहनें कभी भी देर रात युवक और युवतियों को लेकर मोहल्ले में आती थीं। यहां पार्टी के नाम पर हुड़दंग करती थीं। मोहल्ले वाले विरोध करते तो वे उनके खिलाफ थाने में शिकायत कर देती थीं। इतना ही नहीं, ज्यादा विरोध करने पर रेप के झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी देती थीं।

ताज का कहना है कि 2006 में दोनों बहनें पिता और मां के साथ मोहल्ले में रहने आई थीं। पिता की मौत के बाद अचानक दोनों का आचरण बदल गया। उनके घर बड़ी संख्या में अनजान युवक और युवतियां आने लगे। चार साल पहले दोनों बहनें फतेहगढ़ में रहने चली गईं। कुछ समय बाद भाई बिलाल भी चला गया और मां ने दूसरा



निकाह कर लिया। वह भी कहीं और रहने लगी। आफरीन और अमरीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाली दोनों युवतियां पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचीं। उन्होंने बताया कि दोनों बहनें ड्रग तस्करी का काम करती हैं। चंदन सहित कई अन्य लोग उनके इस धंधे में शामिल हैं। ड्रग की डिलीवरी भी लड़कियों से कराई जाती है। ग्राहकों को खास कोड वर्ड देकर डिलीवरी दी जाती थी। शहर के नामचीन पब और लाउंज में ड्रग को शर्ट कहा जाता था, वहीं पीड़िताओं के इस खुलासे के बाद पुलिस ने एमडी ड्रग तस्करी के नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस अमरीन और चंदन से ड्रग तस्करी के संबंध में पूछताछ करेगी।

**फ्लैट की सर्चिंग में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस:** बागसेवनिया पुलिस ने अमरीन के फ्लैट से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। इसमें दो मोबाइल फोन हैं। इसके साथ अहमदाबाद में भी पुलिस ने उस स्पॉट का वेरिफिकेशन किया, जहां दोनों पीड़िताओं का रेप कराया गया। बागसेवनिया पुलिस यासिर की तलाश में अहमदाबाद में दबिश दे रही है। पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी चंदन और अमरीन पुलिस टीम के साथ ही हैं। अमरीन और आफरीन ने पुलिस को बताया कि वे गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थीं। पहले मदद के नाम पर घरेलू काम के लिए रखतीं। फिर हाई प्रोफाइल लाइफ स्टाइल का सपना दिखाकर बड़ी पार्टियों में ले जातीं। वहां उन्हें रईसजादों के आगे परोस दिया करती थीं। चार साल पहले मिसरोद में अमरीन एक स्पा संचालक के संपर्क में आई और स्पा में जॉब करने लगी। स्पा में ही जॉब के दौरान उसकी चंदन से मुलाकात हुई। बाद में दोनों ने मिलकर सेक्स रैकेट का संचालन शुरू किया।

**मेट्रो एंकर** | संकटग्रस्त पक्षियों का सुरक्षित बसेरा, 360 स्थानों पर 96,495 पक्षियों की गणना हुई

# एमपी में 308 प्रजातियों के 96,495 पक्षियों की पुष्टि

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में कुल 308 पक्षियों की प्रजातियों की 96 हजार 495 की संख्या दर्ज की गई। सर्वेक्षण में 24 दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय (आरईटी) प्रजातियों को देखा गया, जिनमें इंडियन स्कीमर, सारस क्रेन, व्हाइट-रम्प्ड वल्चर, रेड-हेडेड वल्चर, पेंटेड स्टार्क तथा ब्लैक-हेडेड आइबिस जैसी प्रजातियां शामिल हैं। साथ ही प्रवासीय पक्षियों की भी कई प्रजातियां रिपोर्ट में सम्मिलित की गई हैं। मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में एशियन वाटरबर्ड सेंसस-2026 के अंतर्गत की गई पक्षी गणना की राज्य स्तरीय रिपोर्ट का विमोचन शुक्रवार को वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे ने किया।

राज्य स्तरीय रिपोर्ट में पांच से 15 फरवरी तक हुए वार्षिक चंबल पक्षी सर्वेक्षण



को भी सम्मिलित किया गया है, जिसमें चंबल क्षेत्र में कुल 141 पक्षी प्रजातियां देखी गई हैं। एशियन वाटरबर्ड सेंसस-2026 अंतर्गत पक्षी गणना तीन से आठ जनवरी में प्रदेश में आयोजित की गई थी। राज्य स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 45 जिलों के कुल 360 स्थलों में पक्षी सर्वेक्षण का कार्य किया गया, जिसके अंतर्गत सूचीबद्ध 412 चेकलिस्टों का विस्तृत अध्ययन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन विभाग द्वारा प्रकाशित विजन 2047- रीइमैजिनिंग फॉरेस्ट रिसोर्सेज फॉर ए क्लाइमेट रेसिलिएंट फ्यूचर पुस्तक का मुख्यमंत्री निवास में विमोचन किया। विजन 2047 राज्य में जैव विविधता समृद्ध, सामुदायिक सहभागिता आधारित वन प्रबंधन की दीर्घकालिक रूपरेखा प्रस्तुत करता है। प्रमुख सचिव वन संदीप यादव ने बताया कि वन विभाग का यह दृष्टि पत्र भारत के पर्यावरणीय तथा विकास लक्ष्यों में निर्णायक योगदान देगा। इसके अलावा वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे ने वन भवन मुख्यालय में वन विभाग विधिक प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया। विधिक प्रकोष्ठ वन विभाग मध्यप्रदेश की केंद्रीय संस्थागत इकाई के रूप में कार्य करेगा।

# शहर में बिना पंजीयन नहीं चल सकेंगे फिजियोथेरेपी सेंटर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर में अब बिना पंजीयन के फिजियोथेरेपी सेंटर नहीं चल सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देशों में स्पष्ट किया है कि निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले सभी मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। समीक्षा बैठक में सामने आया था कि जिले के अधिकांश फिजियोथेरेपी क्लिनिक बिना पंजीयन के चल रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने निरीक्षण दल को सक्रिय कर दिया। आने वाले दिनों में ऐसे केंद्रों की जांच होगी और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सीएमएचओ कार्यालय की समीक्षा में सामने आया था कि भोपाल में कुल करीब डेढ़ दर्जन फिजियोथेरेपी सेंटर ने ही पंजीयन कराया है, जबकि जिले में करीब 150 से अधिक संख्या में सेंटर संचालित हैं। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने निरीक्षण टीम को निर्देश दिए हैं कि वे शहर में संचालित फिजियोथेरेपी केंद्रों की स्थिति का आकलन करें, जहां भी पंजीयन नहीं मिले वहां कार्रवाई करें। नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट की धारा 3 के तहत कोई भी व्यक्ति बिना पंजीयन के मेडिकल सेवाएं संचालित नहीं कर सकता।

### मध्यप्रदेश विधानसभा में उठी मांग

# जबालि ऋषि के नाम पर हो जबलपुर का नया नाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डा. अभिलाष पांडेय ने संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास, धर्मस्व अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए सरकार की जमकर तारीफ की। वहीं जबलपुर के विकास से जुड़ी दो प्रमुख मांगें भी की।अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि जबलपुर का नामकरण ऋषि जबालि की तपोस्थली होने के कारण 'जबालि ऋषि' के नाम पर किया जाना चाहिए। साथ ही हनुमानताल में 'जबलपुर महोत्सव' कराने की मांग की। उन्होंनें मंदिरों में नियुक्त पुजारियों और पंड़ि?तों के लिए मानदेय की व्यवस्था किए जाने का भी सुझाव दिया। अनुदान मांगों पर विधायक अरविन्द पटैरिया, चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, विपिन जैन, मनीषा सिंह सहित अन्य ने भी चर्चा की।

जबलपुर में 100 करोड़ से प्रस्तावित वीरागंना रानी दुर्गावती स्मारक, सागर में 100 करोड़ से समावेशी सोच का प्रतीक संत रविदास का मंदिर बनाने सहित महाकाल लोक, ओरछा लोक, देवी लोक सहित अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थल पर प्रकाश डाला।

**55514 बिजली बकायादारों को सरचार्ज में दी छूट**- मुख्यमंत्री 'समाधान योजना-2025-26' के तहत जबलपुर जिले में अब तक 55 हजार 514 बिजली बिल के बकायादारों को सरचार्ज में 298.56 लाख रुपये की छूट दी गई है। यह जानकारी विधायक अशोक रोहाणी के सवाल के लिखित जवाब में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी है।




### नमामि देवी नर्मदे प्रोजेक्ट की न डीपीआर बनी न प्रस्ताव भेजा

नमामि देवी नर्मदे प्रोजेक्ट का मुद्दा विधानसभा में उठा है। जबलपुर के पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने सरकार से जानकारी चाही। सवाल के लिखित जवाब में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अवगत कराया ने साफ कर दिया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट द्वारा नमामि देवी नर्मदे प्रोजेक्ट के अंतरगत किसी तरह की कोई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट नहीं बनाई गई है, न ही शासन की ओर ऐसा कोई प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा गया है।
वहीं नर्मदा विकास पथ कारिडोर बनाने के लिए भी कोई योजना तैयार नही की गई है। उन्होंने बताया कि मप्र सड़क विकास निगम द्वारा गौरीघाट, तिलवारा घाट को अयोध्या स्थित सरयू नदी के घाट की तर्ज पर विकसित किए जाने की मूल परियोजना है जिसमें एकरूपता प्रदान करना प्रमुख है।

### पुस्तक का विमोचन



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 'विजन 2047- रीइमैजिनिग फॉरेस्ट रिसोर्सेस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलियंट फ्यूचर' पुस्तक का विमोचन किया।

# पीएम आवास के लिए अब प्रदेश सरकार कराएगी मुफ्त रजिस्ट्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में भूमि की रजिस्ट्री के अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अपात्र हो रहे आवेदकों की रजिस्ट्री अब राज्य सरकार अपने खर्च पर कराएगी। दरअसल, ऐसे उपनगर जो पहले ग्रामीण क्षेत्र में थे, अब शहरी परिधि में आ गए हैं, लेकिन पंचायत स्तर पर रजिस्ट्री नहीं हुई।ऐसे लोग रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में जमीन की रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। इससे अत्यंत गरीब लोग रजिस्ट्री न होने के कारण योजना से वंचित हो रहे हैं।प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्का घर देने के लिए उनके भूमि स्वामित्व (पट्टा/रजिस्ट्री) की कानूनी अड़चनों को दूर करने के लिए विशेष कदम उठा रही है।सरकार उन गरीबों के लिए अपने खर्च पर भूमि की रजिस्ट्री या पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया कर रही है, जिनके पास घर बनाने के लिए जमीन के कागजात नहीं हैं। भूमि का सत्यापन कर वस्तुस्थिति ज्ञात की जाएगी, इसके बाद ही रजिस्ट्री की जाएगी या पट्टा दिया जाएगा।

### एसएआर पर सवाल , कांग्रेस के आरोप

# नरेला में एक छत के नीचे रह रहे 43 वोटर, सबकी जाति अलग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चुनाव आयोग दावा कर रहा था कि विशेष अभियान चलाकर वोटर लिस्ट को पूरी तरह साफ-सुथरा कर दिया गया है, लेकिन नई लिस्ट में कई विसंगतियां सामने आई हैं। भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मकान मिले हैं, जिनमें कागजों पर तो दर्जनों लोग रह रहे हैं, लेकिन जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहां एक छोटा सा परिवार मिला। इस भारी गड़बड़ी ने पूरी चुनावी प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

नरेला के करौंद इलाके में वोटर लिस्ट का जो खेल सामने आया है, वो हैरान करने वाला है। वार्ड 75 के एक मकान में, जहां पोखरलाल साहू रहते हैं, वहां 37 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। जब वार्ड 63 में हमीर सिंह यादव के पते यानी कि मकान नंबर 21 पर 43 वोटर पाए गए। इनमें से ज्यादातर वोटरों की जातियां अलग-अलग हैं। जिस घर में मुश्किल से 4-5 लोग समा सकते हैं, वहां कागजों में पूरा गांव बसा दिया गया है।



### कांग्रेस ने पकड़ी चोरी

इस धांधली का खुलासा कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने किया है। उन्होंने मौके पर जाकर जब जांच की, तो पता चला कि जिस पते पर 37 वोटर बताए गए थे, वहां असल में सिर्फ 4 लोग ही रहते हैं। मनोज शुक्ला ने सीधे प्रशासन को घेरा है। उनका कहना है कि जब सरकार ने गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का ढिंढोरा पीटा था, तो फिर ये फर्जी नाम लिस्ट से कटे क्यों नहीं? सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह किसी खास दल को फायदा पहुंचाने की कोशिश है? मनोज शुक्ला ने अब जिला निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की बारीकी से जांच हो और दोषी अधिकारियों पर गाज गिरे, ताकि आने वाले चुनाव में कोई फर्जी वोटिंग का खेल न कर सके।



## पता रहे असली नकली का फर्क

सरकार जब भी सोशल मीडिया पर तैयार कंटेंट के लिए नियमों की बात करती है, इन आरोपों से घिर जाती है कि वह अभिव्यक्ति की आजादी छीनना चाहती है। लेकिन जब ने डीपफेक और AI से तैयार कंटेंट की बाढ़ आ रही हो तो इस पर निगरानी और नियमन जरूरी हो जाता है। इसी कड़ी में डिजिटल नियमों को कड़ा कर दिया गया है। तकनीक का दुरुपयोग को रोकने के लिए इसकी सख्त जरूरत भी थी। ऑडियो, वीडियो और तस्वीरों से छेड़छाड़ व फर्जी कंटेंट सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ आम लोगों व देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं।

दरअसल नियंत्रण मकसद नहीं है। मकसद है, देखने वालों को असली और नकली के बीच का फर्क पता रहे, ताकि उसका इस्तेमाल किसी गलत काम के लिए न हो सके। नए नियमों के मुताबिक, AI से तैयार कंटेंट पर हर हाल में लेबलिंग होनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि कंटेंट आया कहां से है और अगर कोई सामग्री गैरकानूनी है तो उसे तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। सरकार ने नियमों के पालन के लिए तय समय-सीमा भी घटाई है। ऑनलाइन चीजें जिस तेजी से वायरल होती हैं, उसे देखते हुए जरूरी था कि एक्शन की रफ्तार भी बढ़ाई जाए। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म और उनके सीनियर अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी डाली गई है, जो बिल्कुल ठीक है। ये कंपनियां हर बात में यूजर राइट्स और प्राइवेसी की आड़ लेकर बच नहीं सकतीं, उनकी भी जवाबदेही तय होना जरूरी है। भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा सोशल मीडिया यूजर मौजूद हैं और 86% से ज्यादा घरों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। डिजिटल इंडिया आज तरक्की का संकेत है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। डीपफेक और AI के जरिये ऑडियो-विडियो में छेड़छाड़ ऐसी ही एक गंभीर चुनौती है। सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। साल 2024 में साइबर क्राइम के 22.68 लाख केस सामने आए थे। कई सेलेब्स शिकायत कर चुके हैं कि उनकी तस्वीरों-विडियो का इंटरनेट पर गलत इस्तेमाल हुआ।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का विस्तार अभी शुरू हुआ है। इसके साथ देशों की राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था - सब कुछ नए ढंग से आकार ले रहा है। नई दिल्ली में हुई AI समिट में भी इस फील्ड के दिग्गज समाज की जिम्मेदारी और सरकार की भूमिका पर चर्चा कर चुके हैं। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए बेहतर नियमन भी जरूरी है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## कॅरियर बनाने के साथ ही सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान



**योगेश कुमार गोयल**
स्तंभकार

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे।




विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीआई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## क्या साइलेंट वॉरियर डॉग्स से देशभक्ति का सबक लेंगे देश के भीतर छिपे गद्दार?



**मनोज कुमार अग्रवाल**
स्तंभकार

पिछले दिनों भारत के सैन्य बल को जम्मू डिवीजन के कठुआ, ऊधमपुर, डोडा और किश्तवाड़ जिलों में आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में सेना के डॉग टायसन ने जान पर खेल कर बहतरीन काम किया है यहां तक की आतंकियों की गोलीबारी में सेना का टायसन नामक डॉग जख्मी भी हुआ है। सेना के कुत्ते, जिन्हें अक्सर साइलेंट वॉरियर्स कहा जाता है, सुरक्षा, जासूसी, बारूदी सुरंगों का पता लगाने, तलाशी और बचाव अभियानों में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेरठ के रीमाउंट और वेटरनरी कॉर्प्स सेंटर में प्रशिक्षित ये कुत्ते जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन मैलिनोइस जैसी नस्लों के होते हैं, जो आतंकवाद विरोधी अभियानों में सैनिकों की जान बचाते हैं। दूसरी ओर गौर कीजिए देश में काश्मीर से लेकर कोलकाता तमिलनाडु केरल तक ऐसे सक्रिय और स्लीपर सैल से जुड़े आतंकी और आतंकियों के मददगार पकड़े जा रहे हैं जो इस देश का अन्न जल खाकर भी मजहबी उन्माद और नफरती विषवमन से ग्रसित होकर देश के खिलाफ गद्दारी कर रहे हैं। ये गद्दार देशद्रोही इंसान का जन्म लेकर भी नमक का फर्ज अदा करना तो दूर देश के दुश्मनों के मंसूबों को पूरा करने में मददगार बन रहे हैं ये इन जानवरों में जन्म लेने के बावजूद प्रशिक्षण लेकर देश के लिए काम करने वाले डॉग्स से भी सबक ले सकते हैं।



आपको बता दें हाल ही में सुरक्षा बलों को जम्मू डिवीजन में सक्रिय इन आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाए जा रहे ऑप्रेशन त्राशि-1 के दौरान आखिरकार 22 फरवरी, 2026 को बड़ी सफलता मिली।जम्मू के किश्तवाड़ के घने जंगल में हुई भीषण मुठभेड़ में भरतीय सेना के जवानों ने एक ढोक भेड़-बकरियां आदि चराने वालों अर्थात गड़रियों द्वारा मौसम बदलने पर रहने के लिए बनाए गए अस्थायी आवास में छिपे हुए आतंकवादियों पर रॉकेट दागकर जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर और सात साल से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहे 10 लाख के ईनामी सैफुल्लाह सहित तीन आतंकवादियों को मार गिराया। एक रिपोर्ट के अनुसार राकेट दागने से हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी की खोपड़ी ही पूरी तरह छलनी हो गई तथा तीनों आतंकवादियों के शव पूरी तरह जल गए। मुठभेड़ स्थल से 2 ए. के. 47 राइफलें और भारी मात्रा में युद्धक सामग्री बरामद हुई।

गत कुछ वर्षों से ये आतंकवादी लगातार अपनी छिपने के ठिकाने बदलते आ रहे थे और पहाड़ी इलाकों व घने जंगलों का लाभ उठाकर अपना नैटवर्क बनाने में जुटे हुए थे। इस आप्रेशन को सफल बनाने में भारतीय सेना के मददगार डॉग स्कवायड के टायसन नामक खोजी श्वान का बड़ा योगदान रहा। आतंकवादियों के ठिकानों की ओर वही सबसे पहले बढ़ा था।

जानकारी के अनुसार सेना की के नाइन यूनिट का वो बहादुर डॉग जो आतंकवाद के खिलाफ कई ऑपरेशन में हिस्सा रहा लेकिन रविवार को किश्तवाड़ में वो जिस तरह आतंकियों का काल साबित हुआ उसे सुनकर आपको न सिर्फ गर्व होगा वरना आप देश में छिपे गद्दारों पर भी लानत देंगे। जिस वक्त आतंकी सेना पर गोली चला रहे थे। उस वक्त भी टायसन रुका नहीं। बल्कि आतंकियों की ओर बढ़ता चला गया। इस फायरिंग में टायसन को एक गोली भी लग गई। फिर भी वो चट्टान की तरह उनके सामने डटा रहा और गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी टायसन ने जवानों को आतंकियों के ठिकाने तक पहुंचाया, जिसके बाद सेना ने जैश के तीन आतंकियों को मार गिराया. इस ऑपरेशन के बाद गंभीर हालत में 'टायसन' एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया वहां आपरेशन के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।घायल हो जाने के बावजूद टायसन ने आतंकवादियों का डटकर मुकाबला किया और अंततः उसने आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की रेंज में ला दिया और भारतीय जवानों ने उनको ढेर कर दिया। सैन्य रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के जांबाज के नाइन डॉग टायसन ने किश्तवाड़ में आतंकियों से लोहा लेते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया। गोली लगने के बावजूद भी वो चट्टान की तरह उनके सामने डटा रहा। टायसन की मदद से जैश के तीन आतंकी मारे गए। टायसन जैसे जर्मन शेफर्ड डॉग भारतीय सेना की शान हैं, जो कठिन प्रशिक्षण के बाद देश की सेवा करते हैं।

इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया है कि टायसन की बहादुरी के दम पर व्हाइट नाइट कोर्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस तथा सी.आर.पी. एफ. उक्त पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों पर सटीक निशाने साध कर उन्हें ठिकाने लगा सकीं। टायसन एक सच्चा योद्धा सिद्ध हुआ है। टायसन के अलावा आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों की विभिन्न सैन्य कार्रवाइयों में अनेक मददगार खोजी कुत्तों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इनमें सेना के डोमीनो नामक कुत्ते तथा उसके हैंडलर लक्की कुमार को राजौरी में एक आतंकवादी का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 2023 में सम्मानित भी किया गया था। 2023 में ही जम्मू के राजौरी जिले में एक आप्रेशन के दौरान 2 आतंकवादियों तक सुरक्षा बलों को पहुंचा कर उन्हें मार गिराने में योगदान देने वाली कैंट नामक एक मादा खोजी डॉग अपने हैंडलर को आतंकवादियों से बचाने की कोशिश के दौरान उस पर चलाई गई गोली से मारी गई थी। कैंट का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था। ये तो चंद नजीर हैं वास्तव में मददगार वफादार डॉग की सूची में जूम, फैंटम और एक्सल जैसे और भी कई नाम हैं जिन्होंने देश की माटी का ऋण अपने प्राण देकर चुकाया है। आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई में इन खोजी श्वानों का योगदान किसी भी दृष्टि से कम कर नहीं आंका जा सकता है। समय समय पर देश की सीमाओं और प्रमुख एतिहासिक स्थलों व्यक्तियों नेताओं अधिकारियों की सुरक्षा को जब जब देश के दुश्मनों ने निशाना बनाने की कोशिश की है भारतीय सुरक्षा बलों के प्रशिक्षण प्राप्त कुत्तों ने जबरदस्त मदद कर दुश्मनों के मंसूबों को नाकाम करने में अपना योगदान दिया है इन खोजी श्वानों के प्रशिक्षण तथा देखभाल को और बेहतर बनाने के साथ-साथ उनके प्रशिक्षकों को भी समुचित पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि वे और मुस्तैदी से देश के दुश्मनों का सफाया कर सकें।

कुत्ते बारूदी सुरंगों, विस्फोटकों और छिपे हुए हथियारों को सूंघकर ढूंढ निकालते हैं। सीमा पर घुसपैठियों को पकड़ने और चौकी की सुरक्षा में ये बहुत मददगार हैं। प्राकृतिक आपदाओं या युद्ध के दौरान लापता लोगों को खोजने में ये अहम हैं। वाहनों और इमारतों की जांच में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये सीधे ऑपरेशन्स में भाग लेते हैं और दुश्मन के ठिकाने का पता लगाने में मदद करते हैं। इनकी ट्रेनिंग प्रशिक्षण सैंटरो पर होती है, जहां इन्हें हाथों के इशारों और कमांड्स को समझना सिखाया जाता है। इनका सर्विस पीरियड 8 से 10 साल होता है। 2015 से, सेवानिवृत्त सैन्य कुत्तों को गोद लेने की अनुमति है। भारतीय सेना में इन कुत्तों को न केवल सैनिक माना जाता है, बल्कि वे वफादार दोस्त के रूप में भी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन डॉग्स की देशभक्ति को नमन।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

हेल्थ टिप्स

## फल, सब्जी और तेल से भी जुड़ा है थाइराइड से छुटकारा पाने का प्राकृतिक नुस्खा

**थायराइड** की दवा यदि आप जिंदगी भर नहीं खाना चाहते हैं, तो सही डाइट लेना शुरू कर दें। थायराइड में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं यहां आप जान सकते हैं। थायराइड की समस्या महिलाओं में बहुत ज्यादा कॉमन है। हार्मोनल ग्रेंड के ज्यादा एक्टिव या जररूत से कम एक्टिव होने से ये समस्या होती है। आज के समय में ये समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गयी है। इसका कारण है खराब जीवनशैली। इसे सही खानपान और फीजिकल एक्टिविटी से कंट्रोल किया जा सकता है। कुछ लोग के लिए दवाओं से भी इसे



कंट्रोल करना मुश्किल होता है, क्योंकि वो पूरी तरह से सिर्फ मेडिसिन पर डिपेंड हो जाते हैं और खानपान में कोई बदलाव नहीं करते हैं।

यदि ये गलती हो रही है तो जानना चाहिए कि थायराइड होने पर किन चीजों को खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए। ये छोटा सा कदम आपकी दवा की जरूरत को भी खत्म कर सकता है। थायराइड में जिन चीजों का सेवन कर सकते हैं उन सब्जियों में लौकी, तोरी, पलवल, कद्दू गाजर, बीन्स और हरे पत्तेदार सभी सब्जियां शामिल हैं। यह सभी सब्जियां हल्की और सुपाच्य होती है। इसके साथ ही फल में अनार, पपीता, सेब, नाशपाती और अमरूद जैसे फलों का सेवन कर सकते हैं।

**अच्छे तेल का इस्तेमाल जरूरी:** थायराइड में अच्छे तेल का इस्तेमाल करना जरूरी है। इसके लिए आहार में देसी घी, नारियल और सरसों का तेल शामिल कर सकते हैं। इसके साथ ही आहार में हल्की और आसानी से पचने वाली दालों को शामिल करें, जैसे मूंग की दाल, मसूर दाल और कुल्थी की दाल। यह दालें पाचन में सरल होती हैं और शरीर में प्रोटीन की मात्रा को भी पूरा करती हैं। कुछ खाद्य पदार्थ सीधे तौर पर थायराइड को नकारात्मक तरीके से प्रभावित करती हैं, जैसे गांठ वाली सब्जी। किसी भी तरह की गोभी और सोयाबीन नहीं खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि वे पाचन में भारी और कफ को बढ़ाने वाली होती हैं। बात अगर फलों की करें तो थायराइड में केला, आम, चीकू और अंगूर से परहेज करने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही बार-बार गर्म किया हुआ तेल, मूंगफली का तेल और रिफाइंड तेल के सेवन को भी हानिकारक माना गया है। वहीं दालों में राजमा, छोले और सोयाचंक्स खाने की मनाही है।

### सुविचार

दुनिया आपके उदाहरण से बदलेगी, आपकी राय से नहीं।
-अज्ञात

### निशाना

**अंदर आटा गीला है..!**



**घनश्याम मैथिल 'अमृत**

मौसम बाहर रंगीला है,
अंदर आटा गीला है।
हीरा खुद को कहता है ,
पत्थर वो चमकीला है।
खोद किये गड्ढे गहरे,
तब उसके घर टीला है।
चोर लफँगे लाल हुए,
सच का चेहरा पीला है।
अपराधी छुट्टे घूमें,
कोतवाल ज़ब ढीला है।
मोटी चमड़ी असर न हो,
कितना उसको छीला है।
फिट हो जाता सब में वो
जो बेशर्म लचीला है।

गेजेट्स अपडेट

## एपल प्रेमियों के लिए 2 मार्च से होगी नई शुरुआत, अपडेटेड वर्जन के साथ आएंगे प्रोडक्ट

**ऐपल** के प्रेमियों के लिए कंपनी के सीईओ टिम कुक ने एक खास घोषणा की है। कंपनी 2 मार्च, 2026 से अपने नए प्रोडक्ट पेश करना शुरू कर देगी। Apple, 4 मार्च को एक मीडिया इवेंट करने वाला है। पहले आई रिपोर्ट्स की मानें तो इस इवेंट के दौरान कंपनी अपने कई प्रोडक्ट लॉन्च करने वाली है, जिसमें iPhone 17e भी शामिल होगा। लेकिन अब लोगों को ऐपल के नए प्रोडक्ट्स के लिए 4 मार्च का इंतजार नहीं करना होगा। Apple के CEO टिम कुक ने कन्फर्म किया है कि ऐपल 2 मार्च सोमवार सुबह से नए प्रोडक्ट्स की घोषणा करना शुरू कर देगा। इससे पता चलता है कि यह एक सिंगल कीनोट इवेंट के बजाय कई दिनों तक चलने वाला इवेंट होगा।



टिम कुक ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से ट्वीट करके मार्च के पहले हफ्ते में ऐपल प्रोडक्ट के लॉन्च की घोषणा की है। ट्वीट में एक टीजर वीडियो भी दिया गया है। इस वीडियो में एक हाथ अधूरे Apple लोगो को आकार देता हुआ दिख रहा है। यह एक नए सिल्वर टोन्ड वाले प्रोडक्ट के लॉन्च की ओर इशारा कर रहा है। टिम में ट्वीट में लिखा है कि आगे एक बड़ा हफ्ता है। सब कुछ सोमवार सुबह से शुरू होगा!

**नया Macbook और iPhone 17e हो सकता है लॉन्च:** अभी कुक ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है कि कंपनी किन प्रोडक्ट्स को लॉन्च करेगी। लीक रिपोर्ट की मानें तो कंपनी इस दौरान iPhone 17e, नए iPad Air, नए MAC, Macbook Air के नए और किफायती मॉडल लॉन्च कर सकती है। नए iPad ir में My चिप मिलने उम्मीद है, जिससे परफॉर्मेंस बेहतर होगी। वहीं, Mac लाइनअप में भी Apple अपडेट्स की तैयारी कर रहा है। कंपनी मार्च में एक या दो नहीं बल्कि 5-6 प्रोडक्ट पेश कर सकती है। उम्मीद है कि आगे आने वाले समय में ऐपल मार्च के पहले हफ्ते में लॉन्च होने वाले प्रोडक्ट्स को भी टीज करेगा। प्रोडक्ट्स की कीमत का खुलासा तो लॉन्चिंग के दौरान ही होगी।

अजब - गजब

## एमपी में 200 साल पुरानी पेड़ों की जोड़ी, आस्था के साथ राजा-रानी से मुराद मांगने आते हैं लोग

**मध्यप्रदेश** के शिवपुरी जिले के लुकवासा गांव में स्थित 200 साल पुरानी कल्पवृक्ष की जोड़ी 'राजा-रानी' के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि इन पेड़ों के नीचे सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। लोग यहां विवाह, संतान, नौकरी और स्वास्थ्य जैसी इच्छाओं के साथ पहुंचते हैं और धागा बांधकर प्रार्थना करते हैं। इन पेड़ों के अनोखे फल और आपस में गुंथी शाखाएं इसे और भी खास बनाती हैं। आस्था और प्रकृति का यह संगम शिवपुरी की सांस्कृतिक पहचान को एक अलग ही ऊंचाई देता है।



शिवपुरी से करीब 35 किलोमीटर दूर लुकवासा गांव में एक ऐसी जगह है, जहां लोग सिर्फ दर्शन करने नहीं, बल्कि उम्मीद लेकर आते हैं। यहाँ कहते हैं कल्पवृक्ष की जोड़ी से सच्चे मन से जो भी मांगो, वो खाली नहीं जाता। आमतौर पर कल्पवृक्ष का मिलना ही दुर्लभ माना जाता है, लेकिन लुकवासा में दो पेड़ साथ-साथ खड़े हैं। पतले तने वाले पेड़ को 'राजा' यानी नर और मोटे तने वाले को 'रानी' यानी मादा कहा जाता है। दोनों की डालियां इस तरह आपस में उलझी दिखती हैं, जैसे कोई दंपति सालों से साथ खड़ा हो। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि ये पेड़ सिर्फ पेड़ नहीं, आस्था का प्रतीक हैं. शादी, संतान, नौकरी, सेहत हर मनोकामना लेकर लोग यहां आते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इन पेड़ों के फल भी अलग तरह के होते हैं जो देखने में आम, नारियल और बेल के मिश्रण जैसे लगते हैं। पकने के बाद रंग और आकार सूखे खजूर जैसा हो जाता है। वनस्पति विशेषज्ञ इसे दुर्लभ प्रजाति मानते हैं, लेकिन गांव वालों के लिए ये चमत्कार से कम नहीं।

**कैसे मांगते हैं मुराद?:** लोग पेड़ के नीचे धागा बांधते हैं, दीप जलाते हैं और मन ही मन अपनी इच्छा बोलते हैं। कई श्रद्धालु बताते हैं कि उनकी मनोकामना पूरी होने के बाद वे दोबारा यहां धन्यवाद देने जरूर आते हैं। त्योहारों पर यहां छोटा सा मेला जैसा माहौल बन जाता है। लुकवासा का ये स्थल सिर्फ धार्मिक नहीं, पर्यावरण की दृष्टि से भी अहम है। इतने पुराने पेड़ों को सुरक्षित रखना बड़ी जिम्मेदारी है, और गांव वाले इसे अपनी सेवा मानते हैं।

## न्यूज विंडो

### बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के (चार बजे) होने वाली भस्म आरती में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। उन्होंने करीब दो घंटे तक नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप किया और प्रातःकालीन आरती में सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ सुबह निर्धारित समय पर मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए और भस्म आरती की दिव्य व्यवस्था को श्रद्धा भाव से निहारा। आरती के बाद उन्होंने देहरी से दर्शन कर भगवान महाकाल को जल अर्पित किया।

### ईंटों से भरे ट्रक की टक्कर से पुल के नीचे गिरी कार



**सिवनी।** जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर देर शाम सिमरिया पुल के पास ईंटों से भरे एक ट्रक ने सड़क पर खड़ी फॉर्च्यूनर कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे जा गिरे। इस हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि नौ लोग घायल हैं।सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नर्मदापुरम में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान हेतु जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




**नर्मदापुरम।** जिला प्रशासन नर्मदापुरम, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा सीआरसी भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत परिसर में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान, हस्तक्षेप एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. टी.डी. धरियाल (वरिष्ठ सलाहकार-दिव्यांगता, सीबीएम इंडिया), आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर सोनिया मीना सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र सीआरसी भोपाल के विशेषज्ञों ने महिला एवं बाल विकास, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा, जेल एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को दिव्यांगताओं की शीघ्र पहचान, स्क्रीनिंग एवं हस्तक्षेप पर विशेष प्रशिक्षण दिया। जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग बच्चों की त्वरित जांच कर प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए।एडिप योजना के तहत पूर्व-चयनित दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिसमें कुछ को रोजगारोन्मुखी ई-साइकिल भी प्रदान की गई। नोडल अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कार्यक्रम में डॉ. अजय खेमरिया (आयुक्त दिव्यांगजन, मप्र), डॉ. नरेंद्र कुमार (निदेशक सीआरसी भोपाल), शशिभूषण (निदेशक एसबीआई फाउंडेशन), डिप्टी कलेक्टर बबिता राठौर, डीएस दांगी (लायंस क्लब), महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपक डेहरिया, सीएमओ डॉ. नरसिंह गहलोत सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन आरती शर्मा ने किया।

साढ़े तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

# करोड़ों रुपए कीमत की सरकारी जमीन की हेराफेरी करने वाले आरोपी सुधीर को इंदौर से किया गिरफ्तार

**धार। दोपहर मेट्रो**

शहर की आदर्श सड़क पर बने मसीह अस्पताल की करोड़ों रुपए कीमत की भूमि की हेराफेरी करने वाले फरार आरोपी सुधीर पिता शांतिलाल जैन उम्र 47 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जैन पिछले साढे तीन साल से फरार चल रहा था, साइबर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि आरोपी सुधीर जैन इंदौर स्थित तुलसी नगर कॉलोनी में एक घर में छुपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की व आरोपी सुधीर को धरदबोचा व तुरंत धार लेकर आए। अब आगामी पूछताछ नौगांव पुलिस टीम द्वारा की जा रही हैं, बताया जा रहा हैं कि आरोपी सुधीर को पुलिस शनिवार दोपहर के समय कोर्ट के समक्ष पेश करके रिमांड मांगेगी। ताकि आगामी पूछताछ की जा सके।

दरअसल, आदर्श सड़क स्थित किले के समीप बने मिशन अस्पताल को आरोपी सुधीर दास ने 11 लाख रुपए में सौदा करके अंकित वडेरा को बेचा था, जबकि उक्त भूमि सन 1928 से ही शासकीय घोषित है। थाना नौगांव ने वर्ष 2022 में प्रकरण दर्ज किया था। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि सर्वे नंबर 770, रकबा 0.493 हेक्टेयर शासकीय भूमि, जिसे ऐतिहासिक रूप से मिशनरी को महिला अस्पताल संचालन हेतु प्रदान किया गया था, उसके संबंध में कूटरचित अभिलेख तैयार कर अवैध रूप से नामांतरण, लीज तथा विक्रय की कार्यवाही की गई।प्रकरण में शासकीय अभिलेखों में अनियमित प्रविष्टि, अवैध लीज तथा पंजीयन के माध्यम से भूमि हस्तांतरण की साजिश रची गई। आरोपी सुधीर जैन की भूमिका सहआरोपियों के साथ मिलकर भूमि लेन-देन एवं षड्यंत्र में प्रमुख रूप से पाई गई।




प्रतिमाह होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व्दारा जिलें के विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित फरार आरोपियो की धड़पकड़ हेतु उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कडी में सीएसपी सुजावल जग्गा के निर्देशन में तलाश साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा शुरु की गई। उनि प्रशांत गुंजाल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौगांव के अपराध में फरार उद्घोषित आरोपी सुधीर पिता शांतीलाल जैन निवासी धार का इंदौर में रुका हुआ हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। सायबर प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुँच कर घेराबंदी की जहां पर एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से दस्तावेज, आर्थिक लेन-देन एवं अन्य सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की जा रही है।

#### गुजरात व बैंगलोर तक गया आरोपी

आरोपी सुधीर जैन पर कुल दो प्रकरण दर्ज हुए थे, जिसमें से कोतवाली थाने पर दर्ज प्रकरण को बाद में निरस्त किया गया था। ऐसे में नौगांव थाने पर दर्ज प्रकरण में ही आरोपी सुधीर फरार था। वर्ष 2022 के बाद से ही तलाश जारी थी, फरारी के दौरान 10 हजार रुपए का इनाम भी पुलिस ने घोषित किया था। आरोपी प्रकरण दर्ज होने के बाद गुजरात भाग गया था, जहां से कुछ महीनों तक बैंगलोर में भी अलग-अलग स्थानों पर रहा। बताया जा रहा हैं, कि आरोपी सुधीर घर से बाहर सामान लेने के लिए निकला था, पुलिस जवान सिविल ड्रेस में पहले से ही मुस्तैद थे। जैसे ही आरोपी बाहर आया पुलिस ने तुरंत कार्यवाही कर पकड़ लिया था। उपपुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बताया कि विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चले उदघोषियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा हैं, इसी कड़ी में नौगांव थाने पर दर्ज अपराध में सुधीर को इंदौर से अभिरक्षा में लिया गया है। जल्द ही कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा, आगामी पूछताछ की जा रही है।

### सोहागपुर में पाइप लाइन से दूषित पानी की सप्लाई, वार्ड वासी परेशान

**शहडोल। दोपहर मेट्रो**

सोहागपुर के बाद अब पुरानी बस्ती में दूषित पानी की सप्लाई का मामला प्रकाश में आया है। नगर के पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 38 में बीते दो महीने से वार्ड के करीब 150 घरों में नलों के जरिए सीवर मिला दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। बदबूदार और गंदे पानी के कारण पूरा वार्ड संक्रमण की दहलीज पर खड़ा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। स्थानीय निवासियों को सुबह होते ही पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है, जिससे आक्रोश पनप रहा है। पूर्व पार्षद मो. इसहाक ने इस स्थिति पर गहरा रोष जताते हुए इसे नगरपालिका की बड़ी लापरवाही बताया है। पूर्व पार्षद मो. इसहाक ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए 20 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई में लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद, एक महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने धरातल पर कोई सुध नहीं ली। वार्डवासियों का कहना है कि गंदे पानी की समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन से जुड़ा मुद्दा बन गया है, जिसे नगर पालिका ध्यान नहीं दे रही है।

## युवतियों से छेड़छाड़ करने वाले 'छपरियों' पर बरसीं लाठियां

**झाबुआ। दोपहर मेट्रो**

नगर में आदिवासी संस्कृति और लोक पर्व भगोरिया की मस्ती के बीच कुछ शरारती तत्वों द्वारा खलल डालने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। गुरुवार को पारा में आयोजित भव्य भगोरिया मेले के दौरान लड़कियों के साथ छेड़छाड़ और हुड़दंग कर रहे छपरियों को पुलिस ने बीच सडक़ पर ही सबक सिखाया। शुक्रवार को इसका वीडियो सामने आया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की आम जनता जमकर सराहना कर रही है।

पारा में भगोरिया का हाट लगा था, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण और युवा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। ढोल-मांदल की थाप और बांसुरी की गूंज के बीच मेले का माहौल खुशनुमा था। इसी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ उपद्रवी युवक युवतियों पर फब्तियां कस रहे थे और उनके साथ बदतमीजी करने की कोशिश कर रहे थे। मेले में तैनात पुलिसकर्मियों की नजर इन हुड़दंगियों पर पड़ गई। जैसे ही छेड़छाड़ की शिकायतें और हलचल बढ़ी, पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए इन शरारती लडक़ों पर लाठियां भांजनी शुरू कर दीं। अचानक हुए इस इलाज से उपद्रवियों के होश उड़ गए और वे जान बचाकर भागते नजर आए।



गुंडों और असामाजिक तत्वों में डर का माहौल

# होली एवं ईद के मद्देनजर पुलिस और आरएएफ ने शहर में निकाला पैदल मार्च

**अजय आहूजा। मंडीदीप**

मंडीदीप शहर में आगामी त्योहार होली और ईद को देखते सतलापुर और मंडीदीप पुलिस ने संयुक्त पैदल मार्च निकाला जिसमें आर.ए.एफ फोर्स बांगरासिया के करीब 15 से अधिक पुलिस बल ने मार्च किया। पैदल मार्च मंडीदीप थाने से होते हुए मंगल मार्केट, दुर्गाचौक, बड़ी मस्जिद शनिवार बाजार, स्टेशन रोड होते हुए सतलापुर चौराहा, शुक्रवार बाजार होते हुए सतलापुर थाने में समापन हुआ, फ्लैग मार्च का मकसद नगर में त्योहार शांति, सद्भावना, एवं आपसी भाई चारे के साथ बिना किसी विवाद के मनाया जाए जिससे गुंडों और असामाजिक तत्वों में भय रहे जिसको लेकर पुलिस ने पैदल मार्च निकाला, इस मौके पर सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, रंजीत सराठे, समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### गोद में बैठाकर गंदी हरकतें करते थे मास्टर जी'

**छतरपुर। दोपहर मेट्रो**

जिले से बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। जिसने गुरू-शिष्य परंपरा को शर्मसार कर दिया है। मामला धौरा गांव स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल का है। यहां पर पदस्थ 52 वर्षीय शिक्षक संजीव चतुर्वेदी पर 6 से अधिक छात्राओं ने छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना का खुलासा गुरुवार को हुआ, जब रोती हुई छात्राएं अपने घर लौटीं। इस दौरान परिजनों ने उनसे कारण। जब मासूमों ने आपबीती बताई तो पूरा गांव आक्रोशित हो गया। बच्चियों ने आरोप लगाए कि टीचर क्लास में उनके साथ मास्टर जी क्लास में उनके साथ गंदी हरकतें करते हैं, उन्हें गोद में बिठाते हैं और आपत्तिजनक तरीके से छूते हैं। बच्चियों ने ये भी आरोप लगाया कि शिक्षक उन्हें धमकाते थे कि अगर घर पर किसी को बताया तो वह उनकी पिटाई करेंगे और परीक्षा में फेल कर देंगे।

छात्राओं की आपबीती सुनकर परिजन और ग्रामीण भड़क गए और बड़ी संख्या में एकत्रित होकर स्कूल पहुंच गए। जिसके बाद शिक्षक के द्वारा किए गए कृत्य का जवाब मांगा। माहौल को बिगड़ता देख किसी ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद ओरछा रोड थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों के बीच शिक्षक संजीव चतुर्वेदी को निकालकर थाने ले आई।

**मेट्रो एंकर** अखंड निराहारी संत श्री दादा गुरू का नगर में हुआ आगमन

## संतश्री की आरती उतारकर की अगवानी, विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

मां नर्मदा तट बांद्राभान स्थित दिवस बसेरा में अखंड निराहार सिद्ध महायोगी दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा का आगमन हुआ। जहां पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगणों द्वारा गाजे बाजे और पुष्पवर्षा के साथ दादा गुरू और संत, महात्मा और परिक्रमावासियों की अगवानी की गई। इस दौरान समूचा नगर धर्ममय हो गया। श्री दादा गुरू के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा पड़ा। दिवस बसेरा में परिक्रमावासियों द्वारा विशाल भंडारा ग्रहण किया गया। दो घंटे विश्राम के बाद श्री दादा गुरू नगर भ्रमण करते हुए साहू धर्मशाला स्थित दादा कुटी पहुंचे।

दिवस बसेरा में अगवानी करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा अपनी सुमधुर कंठ ध्वनि से श्री दादा गुरू, संत, महात्माओं और परिक्रमवासियों का ओजस्वी भाषण से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आज बड़ी सौभाग्य की बात है कि हमारे नर्मदांचल में अखंड निराहारी श्री दादा गुरू आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का मौका मिला। यहां श्री दादा गुरू द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को आशीर्वाद दिया गया। श्री दादा गुरू द्वारा दिवस बसेरा परिसर में त्रिवेणी स्वरूप एक साथ तीन वृक्ष पीपल, नीम और वटवृक्ष का पौधरोपण पूरे मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव,नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शिवहरे, विकास नारोलिया सहित अन्य लोगो उपस्थित थे।



## संत समाज बोला- अब होगी आर-पार की लड़ाई, 16 मार्च को बड़ा आंदोलन

**भिंड। दोपहर मेट्रो**

भिंड के मेहगांव में स्थित सर्किट हाउस में हनुमान मंदिर पर हुई महापंचायत में संत समाज ने 16 मार्च से आंदोलन करने घोषणा की है। संतों के साथ कई दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और संगठनों के सदस्य बरेठा टोल को अनिश्चित काल के लिए बंद करेंगे। होली के बाद गांव-गांव पहुंचकर जनता से सहयोग मांगा जाएगा। संत समाज के जिलाध्यक्ष कालीदास महाराज ने हुंकार भरते हुए कहा कि इस बार होगी। महापंचायत में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के भाई रमेश शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनील भदौरिया, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष रामअवतार चच्चू, कांग्रेस नेता राहुल सिंह भदौरिया, संदीप मिश्रा के साथ करणी सेना सहित जनहित पार्टी और कई संगठनों के पदाधिकारियों ने चर्चा की। सुबह 11 बजे से पांच घंटे चली महापंचायत में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संतों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है।कांग्रेस के शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र पिंकी भदौरिया ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि टोल कंपनी पूरा पैसा (500 करोड़) वसूल कर चुकी है। जबकि अनुबंध 130 करोड़ रुपए का था। टोल कंपनी के मालिक भाजपा सांसद है, जिनकी केंद्र तक पहुंच है। टोल कंपनी का अनुबंध भी गलत तरीके से बढ़ाया गया है, ताकि पीएनसी को अतरिक्त लाभ पहुंचाया जा सके। कांग्रेस नेता राहुल भदौरिया ने कहा संतों का जो आदेश होगा उसके हम में मिल रहीसा बता दो कोदाला टोल बंद करना है।



# विधानसभा में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन और नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने उठाए क्षेत्र विकास के मुद्दे

*सागर। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन और नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने अपनी विधानसभाओ में विकास कार्य संबंधी विषय उठा कर योजना स्वीकृति की मांग की. विधायक जैन ने शहर की पेयजल पाइपलाइन योजना एवं सड़क रेस्टोरेशन कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। वहीं विधायक लारिया ने मकरोनिया फ्लाई ओवर, कड़ान परियोजना, पीएम आवास, वाटर सप्लाई और जनसुविधाओं की मांग उठाई।*

## टाटा कंपनी के कार्यों पर जताई चिंता

विधायक शैलेंद्र जैन ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सागर नगर में टाटा कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर जवाब मांगा। जैन ने बताया



कि स्वीकृत डीपीआर के अनुसार 260 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जानी थी, जबकि 395 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद भी शहर में लगभग 46 किलोमीटर पुरानी पाइपलाइन का उपयोग जारी है, जिससे भविष्य में जल आपूर्ति एवं सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं।उन्होंने पेयजल एवं सीवरेज लाइनों को साथ-साथ डाले जाने पर भी चिंता जताते हुए इसे स्वास्थ्य के लिए जोखिम बताया तथा पुरानी पाइपलाइन बदलने और कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा स्पष्ट करने की मांग की। साथ ही पाइपलाइन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के खराब रेस्टोरेशन का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण की आवश्यकता बताई। मंत्री विजयवर्गीय ने उत्तर में बताया कि सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु 50 प्रतिशत राशि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तथा शेष राशि स्थानीय स्तर से वहन की जाएगी तथा आवश्यक रेस्टोरेशन कार्य कराया जाएगा।

## मकरोनिया में फ्लाई ओवर, कड़ान परियोजना पर ज़वाब मांगा

विधानसभा में विधायक प्रदीप लारिया ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विकास और जन-सुविधाओं का मुद्दा उठाया. लारिया ने मकरोनिया फ्लाईओवर की प्रगति पर जवाब मांगा. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) और निराश्रित पशुओं की समस्या जैसे संवेदनशील विषयों पर



सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। मकरोनिया चौराहे पर प्रस्तावित फ्लाई ओवर के निर्माण को लेकर लोक निर्माण मंत्री से चर्चा के दौरान कहा कि मकरोनिया फ्लाईओवर के निर्माण के लिए डीपीआर की निविदा प्रक्रिया पूरी होना एक महत्वपूर्ण तकनीकी चरण है। अब यह परियोजना कागज से निकलकर धरातल पर उतरने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने अनुरोध किया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से टेंडर प्रक्रिया को गति प्रदान कराते हुए शीघ्र तकनीकी और प्रशासकीय मंजूरी कराकर वर्क टेंडर जारी करने को कहा। विधायक लारिया ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासकीय स्वीकृति पर जल संसाधन मंत्री से जन उपयोगी सिंचाई परियोजना को साधिकार समिति द्वारा दिए गए निर्णय अनुसार पथरियाहाट के किसानों की डूब में आ रही भूमि के अधिग्रहण प्रस्ताव को सम्मिलित करते हुए पुनरीक्षित प्रशासकीय प्रस्ताव का पुनः तकनीकी परीक्षण की कार्यवाही कराकर स्वीकृत कराने का अनुरोध किया। सरकार ने माना कि यह परियोजना किसानों के हित में आवश्यक है। इसका कोई विकल्प नहीं है। शीघ्र ही इसका परीक्षण कराकर स्वीकृति प्रदान कराने के पक्ष में सहमति व्यक्त की। लारिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने मकरोनिया नगरपालिका और कर्रापुर नगर परिषद का पक्ष रखते हुए पूछा कि AHP (भागीदारी में किफायती आवास) और (किफायती किरायेदार आवास) के तहत अब तक क्या प्रगति हुई है? भूमिहीन और किराये पर रहने वाले परिवारों के आवेदनों पर सरकार कब तक स्वीकृति प्रदान करेगी? विधायक ने स्पष्ट किया कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, और इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए।

## न्यूज विंडो

### यातायात अव्यवस्था व अतिक्रमण गंभीर समस्या, नगरवासी परेशान



**तेंदूखेड़ा।** नगर में मुख्य मार्ग से मंडी मार्ग चैराहे, तारादेही मार्ग तिराहा, बस स्टैंड जाने वाले चैराहा तक का मार्ग वर्तमान में गंभीर यातायात अव्यवस्था, अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित संरचनाओं के कारण आमजन के लिए अत्यंत परेशानी का कारण बना हुआ है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, किंतु स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है। उक्त मार्ग संकीर्ण होने के बावजूद यहां मुख्य मार्ग के बीच स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर एवं अव्यवस्थित पोल-डिवाइडर के कारण बड़े वाहनों का आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है। कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं आपातकालीन सेवाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। डिवाइडर होने के बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति मंडी मार्ग पर, तारादेही तिराहा में देखी जा रही है, जहां सर्वाधिक अतिक्रमण है। सड़क किनारे अस्थायी ढांचे, अवैध पार्किंग एवं अनियंत्रित ठेले-गुमठियां यातायात को और बाधित कर रही हैं। यात्री प्रतीक्षालय एवं बस स्टैंड क्षेत्र भी अघोषित अहाते का रूप ले चुका है, जहां अव्यवस्था एवं गंदगी आम बात हो गई है। इससे न केवल शहर की छवि प्रभावित हो रही है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में है। स्थानीय नागरिकों का प्रश्न है कि नगर की इस अराजक व्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है? संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण एवं कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? यदि शीघ्र ही समुचित कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

### वन विभाग पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने हटाया 20 सेक्टर का वन भूमि का अतिक्रमण



**सिवनी मालवा।** वन परिक्षेत्र बानापुरा की बीट झाड़बीड़ा के वन क्षेत्र में 27 फरवरी को ग्राम राजलढ़ाना एवं पतलई के कुछ ग्रामीणों द्वारा लगभग 20 हेक्टेयर वन भूमि पर अस्थायी झोपड़ियाँ बनाकर नया अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। अतिक्रमण हटाने के लिए वन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा मौके पर पहुँचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से निर्मित अस्थायी झोपड़ियों को हटाया गया तथा पुनः अतिक्रमण रोकने हेतु अतिक्रमण-रोधी खंती (ट्रेंच) खोदी गई। वन क्षेत्र में पूर्व में किए गए लगभग 20 हेक्टेयर वृक्षारोपण को अतिक्रमण के प्रयासों से क्षति पहुँचाई गई है, जिसके संबंध में विभाग द्वारा क्षति मूल्यांकन कर वसूली की कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त रूप से बनाया गया भारी बल और तीन चार जेसीबी मशीन से लगातार दिनभर कार्रवाई चलती रही ! इस दौरान वन विभाग का नर्मदा पुरम जिले से आया पूरा अमला सिवनी मालवा एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर वन विभाग के एसडीओ अनिल कुमार विश्वकर्मा रेंजर जीएस पवार नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान सहित पटवारी गांव कोटवार के अलावा भारी पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद था

## गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय रहस मेला का दूसरा दिन

# विद्यार्थियों का पलायन को रोकने का काम सरकार ने किया है: मंत्री

### शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे



**सागर। दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पलायन को रोकने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है, जिससे अब हमारे सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा संस्थान बनाने का कार्य सरकार कर रही है। प्रदेश में इंदौर से ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र शुरू होगी। साथ ही रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे।

रहली-गढ़ाकोटा का रहस मेला बहुउपयोगी मेला बन गया है। इस प्रकार के मेले प्रदेश में शुरू होंगे। यह बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय आयोजित रहस मेले के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में कही। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आने वाले समय में 200 नये सांदीपनि विद्यालय शुरू किए जाएंगे, जिसमें 20 करोड़ की लागत से रहली विधानसभा क्षेत्र के रहली, शाहपुर में यह विद्यालय शुरू होगा। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवा को सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए अप्रैल माह से इंदौर से ग्रामीण परिवहन सेवा की शुरुआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में लागू होगी। मंत्री सिंह ने कहा कि गोपाल भार्गव एक आदर्श राजनेता हैं, जो लगातार अपना चुनाव जीतते आ रहे हैं। इसी प्रकार का कार्य उनके बेटे अभिषेक दीपू भार्गव द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र को दो विधायक मिले हैं। यह मध्य प्रदेश का पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहां दो-दो विधायक कार्य कर रहे हैं। एक निर्वाचित विधायक गोपाल भार्गव हैं और दूसरे सेवा करने वाले उनके बेटे अभिषेक भार्गव हैं। उन्होंने कहा कि रहली में भी योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा रहा है।

### रहस मेला बहुउद्देशीय मेला बन गया है

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला बहुउद्देशीय मेला बन गया है, जिसमें एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाएं देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण आज रहली विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास कर रहा है और इस क्षेत्र के विद्यार्थी प्रदेश एवं देश में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की छवि सुधारने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से सांदीपनि विद्यालय हैं, जहां निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब नींव कमजोर होती है तो भविष्य कमजोर होता है, किंतु सरकार प्राथमिक शिक्षा को मजबूत कर नींव को सुदृढ़ कर रही है। भार्गव ने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 26,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाने का कार्य किया जा चुका है और 5,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास और स्वीकृत हुए हैं। इस प्रकार क्षेत्र का कोई भी गरीब व्यक्ति बिना छत के नहीं रहेगा। भार्गव ने बताया कि इस रहस मेले में दूसरे दिन दिव्यांग प्रशिक्षण सेवा शिविर लगाया गया था, जिसमें दिव्यांग प्रमाणपत्र, दिव्यांगों की जांच एवं उपकरण वितरण का कार्य किया गया।

## कांग्रेस ने हत्याएं, कटर बाजी और लूट की घटनाओं को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन



**सागर। दोपहर मेट्रो**

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कांग्रेस जनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर शहर में लगातार हो रही हत्याओं , कटर बाजी तथा लूट को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। महेश जाटव ने कहा शहर में लोगों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है। अपराधियों को पुलिस का भय नहीं रह गया है जो चिंताजनक है। जाटव ने बताया कि पूर्व में भी आईजी ऑफिस पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था, लेकिन छुटपुट पहल के अलावा पुलिस के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। जाटव ने कहा कि हाल ही में डॉ. गौर विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई एवं उनकी सही तरीके से एफ आई आर भी दर्ज नहीं हुई। अपराधी गैंगवार कर रहे हैं। उन्होंने गैंग बना ली है बाकायदा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। महेश जाटव ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया कि पुलिस को कांग्रेस द्वारा पुतला दहन की खबर भी लग जाए तो पूरे शहर व जिले की पुलिस कांग्रेस को रोकने में लग जाती है लेकिन अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे तो पुलिस गुम हो जाती हैं। जनता में दहशत का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, मुकुल पुरोहित, जगदीश यादव ,बाबू सिंह यादव, सिंटू कटारे, सुरेंद्र चौबे, कमलेश तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## डॉक्टरों की तीन सदस्य टीम ने चेकलिस्ट के आधार पर निरीक्षण कर देखे दस्तावेज, मरीजों से की चर्चा

**धार। दोपहर मेट्रो**

जिला अस्पताल में कायाकल्प सर्वे को लेकर प्रदेश स्तर से तीन सदस्यीय टीम निरीक्षण के लिए धार पहुंची। टीम में डॉ. विशाल जायसवाल, रजत दुबे, डॉ भागीरथ बिलवाल शामिल थे, सुबह 10-30 से सर्वे की शुरुआत हुई जो शाम करीब 6 बजे तक जारी रहा। कायाकल्प को लेकर प्रदेश स्तर से तैयार चेकलिस्ट के आधार पर ही सर्वे टीम ने आंकलन किया है। मेटरनिटी विभाग में बेहतर व्यवस्था सर्वे टीम को मिला हैं। सहायक अस्पताल प्रबंधक डा. द्वारकाधीश भावसार ने बताया कि टीम ने अस्पताल भवन से लेकर वार्डों के रखरखाव का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था को भी जांचा, इसके अलावा वार्डों में वेस्ट मैनेजमेंट की भी मार्किंग की गई। मेडिकल वेस्ट के निपटान की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया।



सपोर्टिंग सर्विस, पानी की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का भी मूल्यांकन किया गया। अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण को लेकर भी निरीक्षण में बारीकियां देखी गई। दरअसल शासन द्वारा कायाकल्प अभियान के तहत अस्पतालों का सर्वे किया जाता है। इसमें मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, इलाज की गुणवत्ता और अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाता है। बेहतर व्यवस्थाओं के आधार पर अस्पताल को अंक दिए जाते हैं। वर्ष 2021 से अब तक जिला अस्पताल इस सर्वे में सफल रहा है। टीम के आने पूर्व अस्पताल भवन और सभी वार्डो में रंग-रोगन का कार्य कराया गया है। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। खासतौर पर इस बार मेटरनिटी विभाग को प्राथमिकता में रखा गया था, मेटरनिटी वार्ड को निजी अस्पतालों के वार्डों की तर्ज पर तैयार किया गया है। यहां पर्दे लगाए गए हैं और व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया है। वार्डों का भ्रमण के दौरान डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी चर्चा की। साथ ही कायाकल्प को लेकर तैयार किए गए दस्तावेज भी देखें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ मुकुंद बर्मन सहित स्टाफ मौजूद था।

## होली नजदीक आते ही लकड़ी माफिया होते हैं सक्रिय

# अवैध कटाई को लेकर इस बार होगी सख्त निगरानी



**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाली तेंदूखेड़ा, तारादेही, झलौन एवं तेजगढ रेंजों में प्रतिवर्ष होलिका दहन से लेकर रंग पंचमी तक वन क्षेत्रों में अवैध कटाई की घटनाएं सामने आती रही हैं। यह चिंताजनक स्थिति कई वर्षों से लगातार देखी जा रही है। जब आमजन एवं अधिकारी-कर्मचारी होली के उत्सव में व्यस्त रहते हैं, उसी दौरान वनमाफिया सक्रिय होकर बहुमूल्य वृक्षों, विशेषकर सागौन सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटाई को अंजाम देते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन माफिया निर्भीक होकर जंगलों में प्रवेश करते हैं और सुनियोजित तरीके से पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों के माध्यम से बाहर ले जाते हैं। त्योहारों के दौरान निगरानी तंत्र की शिथिलता का लाभ उठाकर यह गिरोह वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे न केवल शासन को राजस्व हानि होती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। सागौन जैसी बहुमूल्य लकड़ी की अवैध कटाई से जैव विविधता, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और क्षेत्र की हरित आच्छादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यदि समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में स्थिति और भी विकराल रूप ले सकती है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी समय-समय पर इस संबंध में चिंता व्यक्त की गई है, परंतु ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही का अभाव देखा गया है। पर्यावरण की प्रेमियों ने कहा की होली पर्व के दौरान विशेष गश्त दलों का गठन किया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ड्रोन, मोबाइल पेट्रोलिंग एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वन माफियाओं पर अंकुश लगाया जाए। दोषियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश दिया जाना आवश्यक है कि वन संपदा की लूट किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें सुरक्षित रखना शासन, प्रशासन एवं समाज सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि सभी मिलकर सजगता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, तो अवैध कटाई जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उपवनमंडलाधिकारी प्रतीक दुबे ने कहा कि होलिका दहन से लेकर रंगपंचमी तक के लिए वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष हिदायत वनों की सुरक्षा के लिए दी गई है कि वे वनों की सतत निगरानी करें ताकि अवैध कटाई को रोका जा सके और किसी भी प्रकार की अवैध कटाई होती है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई और वसूली की जाएगी।

## मेट्रो एंकर

### देवरी में कार्यकर्ता सम्मान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# जिस राष्ट्र के लोग अपना धर्म और संस्कृति छोड़ देते हैं, वह राष्ट्र बिना युद्ध के ही नष्ट हो जाता है: भूपेन्द्र सिंह

**सागर। दोपहर मेट्रो**

जिस राष्ट्र के लोग अपने धर्म और संस्कृति को छोड़ देते हैं वह राष्ट्र बिना युद्ध के ही नष्ट हो जाता है।भाजपा कार्यकर्ता राजनीति से नहीं राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत होता है। सिद्धांत,मूल्य, राष्ट्र और राष्ट्रप्रेम और सेवा के लिए संकल्प भाजपा के कार्यकर्ता की पहचान है।




यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्रसिंह ने देवरी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान दिवस पर व्यक्त किए। सिंह ने कहा कि 2003 में भाजपा सरकार आने के बाद देवरी क्षेत्र के विकास का युग आरंभ हुआ। आज सागर से सिर्फ 40 मिनट में देवरी पहुंचा जा सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई का बनाया गया स्वर्णिम चतुर्भुज फोर लेन यहां से निकला है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देवरी के गांव गांव को मुख्य सड़क से जोड़ दिया है। कांग्रेस के शासनकाल में 2003 तक देवरी विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्त्रोतों से सिंचाई का रकबा मात्र 2800 हेक्टेयर था। 20 साल बाद देवरी विधानसभा क्षेत्र में कुल सिंचित 60,000 हेक्टेयर कृषि भूमि में से 29000 हेक्टेयर रकबा सरकारी स्त्रोतों से सिंचित हो रहा है। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना लाकर 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह सब ऐसे विकास की कहानी है, जिसके साथ-साथ भाजपा ने देश की धर्म, संस्कृति,आध्यात्म, सांस्कृतिक वैभव को संवर्धित और संरक्षित करते हुए किया है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया ऐसे स्वाभिमानी और विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं जिन्होंने मेरे माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करते समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष किसी पद या टिकट की शर्त नहीं रखी थी बल्कि यह कहा था कि मैं एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में भाजपा के लिए काम करना चाहता हूं। कार्यक्रम को दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक बृजबिहारी पटैरिया, श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, सभापति हीरा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक भूपेन्द्र सिंह, सांसद राहुल सिंह लोधी सहित सभी अतिथियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल ढिमोले ने किया।




# आईपीएल का शेड्यूल चुनाव के चलते बदल सकता है, 26 की जगह 28 मार्च को पहला मैच संभव

## बीसीसीआई ने नई तारीख पर अंतिम फैसला नहीं लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विधानसभा चुनावों की वजह से आईपीएल 2026 का शेड्यूल बदल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट का आगाज अब 26 मार्च की जगह 28 मार्च को हो सकता है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक नई तारीख पर अंतिम फैसला नहीं लिया है। तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव कार्यक्रम के चलते कुछ शहरों में सुरक्षा और बाकी इंतजामों की चुनौती खड़ी हो सकती है। इसी संभावित टकराव को देखते हुए बोर्ड शुरुआती मैचों की तारीख आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी बीसीसीआई ऐसा ही करेगा। गवर्निंग काउंसिल इस बात पर भी मंथन कर सकती है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कहां कराया जाए, क्योंकि डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इसमें शामिल होगी। पिछले जून में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 फैंस की मौत हो गई थी। इसके बाद आरसीबी और कर्नाटक क्रिकेट के बीच इस बात पर चर्चा चल रही है कि टीम अपने सातों होम मैच वहीं खेलेगी या किसी दूसरे वेन्यू पर शिफ्ट करेगी।

## हैरी ब्रूक ने कहा- बटलर सेमीफाइनल में चलेंगे

# सैंटनर बोले- चीजें कंट्रोल से बाहर, हम दूसरों के भरोसे, हेनरी न्यूजीलैंड लौटे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 रोमांचक मोड़ पर आ गया है। सुपर-8 स्टेज में 2 दिन का खेल बाकी है और सेमीफाइनल की 2 टीमें अब भी तय होना बाकी है। 2 स्पॉट के लिए 4 टीमें रेस में बनी हुई हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इंग्लैंड से हार के बाद कहा कि चीजें अब उनके कंट्रोल से बाहर हो गई हैं। टीम अब पाकिस्तान की हार के भरोसे है। टीम के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी पारिवारिक कारणों के चलते न्यूजीलैंड लौट गए हैं। सुपर-8 स्टेज में लगातार 3 मैच जीतकर सेमीफाइनल में एंट्री करने वाली इंग्लिश टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने जोस बटलर का बचाव किया। वे बोले- बटलर भले रन नहीं बना पा रहे हैं, लेकिन सेमीफाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैंटनर ने कहा, यह देखकर दुख होता है कि अब चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं हैं। हमें दूसरी टीमों के नतीजों पर नजर रखनी पड़ रही है। हमने कुछ मौकों पर गलतियां कीं, जिसका नुकसान हमें उठाना पड़ रहा है।

### बटलर सिर्फ एक अच्छी पारी दूर हैं

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर इस वर्ल्ड कप में अब तक फ्लॉप रहे हैं। उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे, जिससे टीम की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान हैरी ब्रूक ने साफ कहा कि बटलर की फॉर्म को लेकर टीम में कोई टेंशन नहीं है। ब्रूक बोले, जोस दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों में से एक हैं। क्रिकेट में कभी-कभी रन नहीं बनते, इसका मतलब यह नहीं कि वे खराब खेल रहे हैं। वे नेट्स में अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। हमें पता है कि वे सिर्फ एक बड़ी पारी दूर हैं। सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में वे जरूर वापसी करेंगे और मैच जिताएंगे।




### 7 पारियों में 62 रन ही बना सके बटलर

जोस बटलर न्यूजीलैंड के खिलाफ खाता भी नहीं खोल सके, उन्हें लॉकी फर्ग्यूसन ने विकेटकीपर टिम साइफर्ट के हाथों कॉट बिहाइंड करा दिया था। बटलर ने नेपाल के खिलाफ 26 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 रन बनाकर टूर्नामेंट शुरू किया था। हालांकि, पिछले 5 मुकाबलों में वे 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वे 7 पारियों में 62 रन ही बना सके। सैंटनर ने माना कि इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने पावरप्ले और डेथ ओवर्स में सही खेल नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि अब बस एक ही रास्ता है कि श्रीलंका आखिरी मैच जीते और हम नॉकआउट में पहुंच जाएं।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद वापस देश लौट गए। वे अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। हेनरी ने इस बारे में टीम मैनेजमेंट को पहले ही बता दिया था।

## एमसीए ने शीर्ष परिषद की बैठक में लिया फैसला

# वानखेड़े स्टेडियम में शास्त्री के नाम पर होगा स्टैंड

**कोलंबो (श्रीलंका). एजेंसी**

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने घोषणा की है कि मशहूर वानखड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी के नाम पर भी गेट समर्पित किए गए। स्टेडियम में जहां स्टैंड का नाम मुंबई के पूर्व कप्तान शास्त्री के सम्मान में रखा जाएगा तो वहीं स्थल के तीन अलग-अलग गेट शहर के खिलाड़ियों के नाम पर रखे जाएंगे। एमसीए ने कहा, शीर्ष परिषद ने मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में प्रेस बॉक्स के नीचे लेवल एक स्टैंड का नाम भारत के



पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुंबई और भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी और एक कोच दोनों के तौर पर उनके शानदार योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। ये फैसले यहां एमसीए की शीर्ष परिषद बैठक के दौरान लिए गए। गेट नंबर तीन का नाम सरदेसाई के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने 1960-61 और 1972-73 के बीच भारत के लिए 30 टेस्ट और कुल 179 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। गेट नंबर पांच का नाम एडुल्जी के सम्मान में रखा जाएगा जिन्होंने 1976-1993 के बीच कुल 20 टेस्ट और 34 वनडे खेले थे। इसी तरह गेट नंबर छह का नाम सोलकर के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने भारत के लिए 27 टेस्ट और सात वनडे खेले। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य ने कहा, मुंबई क्रिकेट हमारे दिग्गजों की रखी नींव पर बना है। उन लोगों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है जिन्होंने शहर और देश का गौरव बढ़ाया है। प्रेस बॉक्स के नीचे लेवल एक स्टैंड का नाम रवि शास्त्री के नाम पर रखने का प्रस्ताव उनके योगदान को श्रद्धांजलि है।



## मेट्रो बाजार

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आईटी की 60 लाख नौकरियां खतरे में !

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत का 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक (करीब 200 अरब डॉलर) का आईटी सेवाओं का निर्यात बदलाव के बड़े दौर से गुजर रहा है। एक तरफ जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी के कारण 60 लाख कोडिंग नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर टीसीएस जैसी देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने राजस्व की परवाह किए बिना एआई अपनाने का कड़ा फैसला लिया है। पिछले 25 वर्षों से सॉफ्टवेयर सर्विस भारत की वैश्विक पहचान रही है, लेकिन अब आने वाला दशक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टोकन का होने वाला है।




दरअसल, रूटीन कोडिंग अब एक कमोडिटी बन चुकी है और एआई एल्गोरिदम खुद अपनी प्रोग्रामिंग करने में सक्षम हो गए हैं। अब वैश्विक क्लाइंट्स केवल सिंटैक्स लिखने के लिए प्रोग्रामर्स को पैसे नहीं देंगे, बल्कि वे इंटेलिजेंस ऑडिट करने वालों को अधिक महत्व देंगे। टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन ने कर्मचारियों से कहा है कि वे काम को तेज और सस्ता बनाने के लिए एआई टूल्स का इस्तेमाल करें, भले ही इससे कंपनी के मौजूदा राजस्व का ही नुकसान क्यों न हो। कंपनी का मानना है कि इस बदलाव का विरोध करने के बजाय इसका फायदा उठाना चाहिए।

# जैक की कंपनी ब्लॉक ने 4,000 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** जैक डॉर्सी की डिजिटल पेमेंट कंपनी 'ब्लॉक' ने कंपनी में बड़े स्तर पर छंटनी का ऐलान किया। कंपनी अपनी टोटल वर्कफोर्स में से करीब 40% यानी 4,000 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर निकाल रही है। कंपनी के को-फाउंडर जैक डॉर्सी ने इस छंटनी का मुख्य कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता यूज और कंपनी के ऑपरेटिंग खर्चों को कम करना बताया। डॉर्सी ने ङ्ग पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। जैक डॉर्सी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, 'हम आज @blocks को छोटा कर रहे हैं। मेरा यह नोट कंपनी के नाम है। आज हम अपनी कंपनी के इतिहास का सबसे कठिन फैसला ले रहे हैं। हम अपनी ऑर्गेनाइजेशन के साइज को करीब आधा कर रहे हैं। कर्मचारियों की संख्या 10,000 से घटाकर 6,000 से भी कम की जा रही है। इसका मतलब है कि आप में से 4,000 से ज्यादा लोगों को जाने के लिए कहा जा रहा है या वे कंसल्टेशन प्रोसेस का हिस्सा बन रहे हैं। क्या हो रहा है, क्यों हो रहा है और इसका सबके लिए क्या मतलब है, इस बारे में मैं आपसे सीधी बात करूंगा।

# जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी को टीम में मिलेगा मौका!

**जम्मू. एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में अपने प्रदर्शन से सभी बड़ी टीमों को चौंकाते हुए फाइनल में पहली बार जगह बनाई है। फाइनल मुकाबला कर्नाटक के खिलाफ हुबली में खेला जा रहा है। जम्मू-कश्मीर को फाइनल तक पहुंचाने में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी का असाधारण योगदान रहा है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी आकिब के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं। गांगुली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से उन्हें भारतीय टीम में जगह देने की मांग की है। सौरव गांगुली ने एक्स पर लिखा, जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है। मुश्किल वातावरण लोगों को मजबूत बनाता है। उन्होंने बीसीसीआई, सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया को टैग करते हुए कहा, आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की राह पर हैं।

# विमेंस टीम ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज हारी

**होबार्ट.** ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने भारतीय महिला टीम को दूसरे वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। मैच में भारत ने 9 विकेट खोकर 251 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 252 रन का टारगेट 36.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना



## फिल्म 'शैतान' में आई थी नजर

# तीनों स्टार के साथ काम कर कुछ न कुछ सीखा ही मैंने: जानकी

अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' में देखा जाए तो अभिनय के मामले में अभिनेत्री जानकी बोदीवाला अव्वल नंबर पर रही हैं। हालांकि इसका सिकवल गुजराती फिल्म वश 2 में भी नजर आ चुकी है। पहली फिल्म में में बच्ची सी दिखने वाली इस अदाकारा ने अजय देवगन व ज्योतिका की किशोरवय बेटी जाह्नवी का किरदार निभाया है। लेकिन, गुजराती सिनेमा में काम करते हुए जानकी को लंबा अरसा हो चुका है और वह इस समय 28 साल की हैं। जिस गुजराती फिल्म 'वश' की 'शैतान' हिंदी रीमेक थी उसमें जानकी ने आर्या की भूमिका निभाई थी। अहमदाबाद में जन्मी जानकी हिंदी सिनेमा में फिल्म 'शैतान' से डब्यू किया था।

जानकी ने बताया कि मैंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत गुजराती फिल्म इंडस्ट्री से की। जिस तरह से आम लड़कियों की बचपन में सोच होती हैं कि एक्टिंग करनी है, उसी तरह की मेरी भी सोच रही है। बचपन में सभी अभिनेत्रियों को देख कर लगता था कि एक्टर ही बनना है। जब फिल्में देखती थी तो मुझे लगता था कि फिल्म की एक्ट्रेस खुद ही गा रही हैं, लेकिन जब होश संभाला तब समझ में आया कि गाने तो किसी और ने गाए हैं, बस उन गानों पर वह परफॉर्म कर रही हैं। मुझे काजोल, करीना कपूर खान और आलिया भट्ट की फिल्में बहुत पसंद हैं। उनकी फिल्में देखकर ही अभिनय की तरह मेरा झुकाव हुआ।

**गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में है जानकारी:** मेरी शुरुआत गुजराती फिल्म 'छेलो दिवस' से हुई। इस फिल्म के लिए मैंने ऑडिशन दिया, उसमें मेरा चयन हो गया। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई और साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म रही हैं। इस फिल्म से पहले अभिनय के बारे में मुझे कुछ नहीं पता था, क्योंकि न ही मैंने कहीं से एक्टिंग सीखी है और न ही थियेटर किया है। जो भी मैंने सीखा है फिल्मों में काम करके ही सीखा है। इसके बाद मैंने गुजराती में कई फिल्म की।

### अजय देवगन की फैन हूं...

हम सब तो उनके बहुत बड़े फैंस हैं ही, इस बात में कोई शक नहीं है। लेकिन मुझे उनके साथ काम भी करना था। मैं उनकी कितनी बड़ी जबरदस्त फैन रही हूं, पूरी एक महीने की शूटिंग के दौरान जाहिर नहीं होने दिया। लेकिन जैसे ही फिल्म की शूटिंग खत्म हुई, मैं अपने जज्बात को रोक नहीं पाई। धीरे से अजय सर के पास गई और कहा कि सर, क्या मैं आपके साथ एक सेल्फी ले सकती हूं? उन्होंने कहा, ऑफ कोर्स। उसके बाद मैंने उनको बताया कि उनकी कितनी बड़ी फैन हूं।

# आयुष्मान फिल्मों के चुनाव को लेकर बोले- मुझे जोखिम से भरे किरदार पसंद

आयुष्मान खुराना अपनी हर फिल्म में एक अलग अवतार में दिखाई देते हैं। उनकी फिल्मों या किरदारों में कोई दोहराव दिखाई नहीं देता है। इस विषय में बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मैं शुरू से ही ऐसी फिल्में करना चाहता था जो किसी ने नहीं किया हो। अभिनेता आयुष्मान खुराना बॉलीवुड में अलग तरह की फिल्में करने के लिए मशहूर हैं।



फिल्म 'विक्की डोनर' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले अभिनेता ने फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्मे दी हैं। हाल ही में आयुष्मान बॉलीवुड में अपने करियर और अपनी फिल्मों के चुनाव पर खुलकर बातें करते दिखाई दिए। आयुष्मान खुराना अपनी हर फिल्म में एक अलग अवतार में दिखाई देते हैं। उनकी फिल्मों या किरदारों में कोई दोहराव दिखाई नहीं देता है। इस विषय में बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मैं शुरू से ही ऐसी फिल्में करना चाहता था जो किसी ने नहीं किया हो। मुझे बॉलीवुड में आकर कुछ अलग करना था।

**जोखिम लेना है पसंद** : आयुष्मान कहते हैं मैं हमेशा से कुछ ऐसा करना चाहता था जिसे देखकर मुझे या मेरे फैंस को गर्व महसूस हो और मैं आज भी जोखिम भरे किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। एक अभिनेता के तौर पर मेरी प्राथमिकता मेरे दर्शक हैं। मैं चाहता हूं वे जब भी मेरी फिल्म देखें उन्हें लगे कि उन्होंने कुछ अलग और नया देखा है। मैं दोहराव से डरता हूं।

**वर्जित विषयों का चुनाव:** फिल्म विक्की डोनर में आयुष्मान स्पर्म डोनर की भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म बांझपन की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। अपनी फिल्मों के चुनाव पर बात करते हुए अभिनेता कहते हैं, मुझे हमेशा से वर्जित विषयों पर काम करना और उन्हें जानना पसंद है। बॉलीवुड अक्सर समाज में वर्जित विषयों पर फिल्में बनाने से हिचकता है, लेकिन आपने देखा होगा कि मैंने सिर्फ वैसी ही फिल्में की हैं जिनके बारे में लोग बात करना भी पसंद नहीं करते हैं।

# ऐश्वर्या की याद में रोते थे सलमान खान, समीर ने सुनाया फिल्म के समय का किस्सा

लिरिसिस्ट समीर अनजान ने हाल ही में फिल्म तेरे नाम का गाना क्यों किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती बनने की इनसाइड स्टोरी शेयर की है। उन्होंने कहा कि जिस समय ये गाना बना ठीक उसी समय सलमान, ऐश्वर्या से हुए ब्रेकअप से उबर रहे थे। ऐसे में वो सेट पर ये गाना सुनकर ऐश्वर्या को याद कर काफी रोते थे। समीर अनजान ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में तेरे नाम टाइटल ट्रैक पर कहा, टाइटल ट्रैक सलमान को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया था। वो लिखवाया गया था, असली जो कहानी टूटी थी उनकी ऐश्वर्या से। वो जो गाना है वो शॉट देने से पहले हिमेश रेशमिया को बुलाकर गाते थे और रोते थे। सलमान हिमेश से कहते थे कि तू आ और ये गाना मुझे सुना, क्यों किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती। उन्हें लगा कि ये गाना वहां तक पहुंचना चाहिए, ये मेरा दर्द है।



**शाहिद-करीना के ब्रेकअप पर भी की बात**

लिरिसिस्ट समीर अनजाना ने शाहिद कपूर और करीना कपूर के ब्रेकअप के बाद सॉन्ग शूट करने में आईं दिक्कतों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि शाहिद और करीना फिल्म मिलेंगे-मिलेंगे साथ कर रहे थे। फिल्म शूट हो गई थी, लेकिन उसका एक गाना बनना बचा था। ब्रेकअप के बाद शाहिद-करीना ने साथ में गाना शूट करने से इनकार कर दिया था, जिससे फिल्म के प्रोड्यूसर बोनी कपूर परेशान हो गए थे। ऐसे में बोनी कपूर ने समीर अनजान से कहा था कि तुम ऐसा कुछ लिख दो, जिससे उन दोनों को लगे कि तुमने उन दोनों की लव स्टोरी ही लिख दी है। ऐसे में समीर अनजान और हिमेश रेशमिया ने गाना लिखा, सब खत्म होकर भी तेरे मेरे दरमियां कुछ तो बाकी है। शाहिद ने ये गाना सुना और वो इसे करने के लिए राजी हो गए। बता दें कि समीर अनजान हिंदी सिनेमा के पॉपुलर राइटर हैं। उन्होंने फिल्म कुछ कुछ होता है, साजन चले ससुराल, राजा हिंदुस्तानी, प्यार किया तो डरना क्या, सरफरोश, धड़कन, हर दिल जो प्यार करेगा, कभी खुशी कभी गम (सूरज हुआ मद्धम को छोड़कर), राज, बागबान जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के गाने लिखे हैं।

# एक्सरसाइज वायुशक्ति-2026

## फाइटर जेट्स और मिसाइल सिस्टम का प्रदर्शन



राजस्थान के पोखरन फायर रेंज में आयोजित एक्सरसाइज वायुशक्ति-2026 के दौरान अपनी युद्धक क्षमता का व्यापक प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान सटीक हमले, लंबी दूरी की स्ट्राइक, रनवे और रडार को निष्क्रिय करने जैसी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। यह ड्रिल आधुनिक युद्ध परिस्थितियों में वायुसेना की तैयारी को दर्शाती है।

### दिखाई अपनी ताकत

राफेल ने सुपरसोनिक फ्लाईपास्ट और लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता का प्रदर्शन किया। Su-x30MKI ने गहराई तक हमला करने और भारी हथियारों के इस्तेमाल की क्षमता दिखाई। Mirage-2000 ने सटीक बमबारी का प्रदर्शन किया। 'प्रचंड' और 'रुद्र' हेलीकॉप्टरों ने अग्रिम मोर्चों पर हमले की रणनीति दिखाई। Chinook हेलीकॉप्टर ने तोपखाने की तैनाती का प्रदर्शन किया।

## न्यूज विंडो

### तेजस्वी यादव के करीबी देवा गुप्ता को पटना से किया गया गिरफ्तार



**पटना।** सुबह देवा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर पत्नी के साथ शादी की सालगिरह का भावुक संदेश साझा किया। कुछ ही घंटों बाद बिहार एसटीएफ ने पटना में छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र स्थित राधिका अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 301 में हुई। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने दबिश दी और हिरासत में लिया। देवा को राजद नेता तेजस्वी यादव का करीबी माना जाता है।गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। पुलिस के अनुसार देवा गुप्ता पर हत्या, लूट, रंगदारी और जमीन कब्जे सहित 28 केस दर्ज हैं। मोतिहारी पुलिस की 100 अपराधियों की सूची में उनका नाम सबसे ऊपर था। एसपी ने उन पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। दो मामलों में वह लंबे समय से फरार बताए जा रहे थे। उन्हें 10 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद गिरफ्तारी से पहले उन्होंने कानूनी राहत ली थी।

### एसटीएफ के साथ एनकाउंटर में 50 हजार का इनामी शूटर पवन ढेर



**आगरा।** एसटीएफ से मुठभेड़ में ढेर हुए 50 हजार के इनामी शूटर पवन और उसके साथी ने ताजगंज क्षेत्र में बेखौफ अंदाज में पिस्टल तानकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। उसने ग्रेटर नोएडा के ठेकेदार का उसके घर से ही पीछा किया था। पीड़ित के मुकदमा दर्ज कराने के बाद से ही एसटीएफ और आगरा पुलिस कुख्यातों के पीछे लगी थी। ताजगंज थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में ठेकेदार संदीप भाटी ने लिखा था कि वह 31 दिसंबर 2025 को अपने भाई सचिन के साथ ताजमहल घूमने आए थे। ताजगंज क्षेत्र में होटल ग्रांड अंपायर के पास उन्होंने कार रोकी थी। इसी दौरान बाइक पर दो नकाबपोश युवक आ गए। उनके और उनके भाई पर पिस्टल तान दी। उनसे कहा कि बड़ा ठेकेदार बनता है। सालों से बड़े ठेके ले रहा है अभी तक पवन भाई और अनुज भाई को चढ़ावा नहीं पहुंचाया है। पवन भाई ने कहलवाया है कि चार दिन के अंदर दस लाख रुपये भिजवा दे। भाई ने बोला है कि अगली बार खुद आकर तेरा ऊपर का टिकट काटेंगे।

### कानपुर सेंट्रल को बम से उड़ाने की दूसरी बार मिली धमका



**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन को शाम सात बजे बम से उड़ा दिया जाएगा... सब कुछ खत्म हो जाएगा। यह सूचना कमिश्नरी पुलिस के कंट्रोल रूम पर आई। पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी, बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड ने पूरे परिसर की जांच की। यात्रियों और आसपास के लोगों को किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तुओं को न छूने की सलाह दी गई। उनसे कहा गया की किसी पर भी शक हो तो उसकी तुरंत सूचना दी जाए। पुलिस ने कॉल करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने 24 फरवरी को मोबाइल चोरी होने की बात कही है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलने बाद एलआईयू और खुफिया ने भी जायजा लिया है। प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज, वेटिंग एरिया, यात्री विश्राम कक्ष, टिकट काउंटर की जांच की गई। एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

## पाक का राग - उसके यहां आतंकी हमलों के पीछे भारत

# संघर्ष में 300 अब तक लोगों की मौत का दावा

# ट्रम्प बोले- पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। आज तड़के पक्तिका प्रांत के तेरवा जिले में दुरंड रेखा के पास दोनों देशों की सेनाओं के बीच फिर से झड़प शुरू हो गई। टोलो न्यूज की रिपोर्ट्स में बताया गया कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात की सेनाओं ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से हवाई हमले किए। स्पिनवाम के सैन्य अड्डे पर हमले के बाद आग लगने की भी खबर है। अफगान पक्ष का कहना है कि इन ड्रोन हमलों को 'रद अल-जुल्म' नाम दिया गया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पिछली रात खोस्त और पक्तिया प्रांत में की गई बमबारी के जवाब में की गई। इस बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

उधर , अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई थी , जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुई पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल,कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की।

**पाक - अफगान के बीच बढ़ा तनाव: दुरंड रेखा के पास ताबड़तोड़ ड्रोन हमले**



### पाकिस्तान का दावा- 274 लड़ाके मारे

पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### पाक में निजी ड्रोन पर रोक

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने पाकिस्तान के अंदर ड्रोन से सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा कि एबटाबाद, स्वाबी और नौशेरा में छोटे ड्रोन गिरा दिए गए और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इन घटनाओं के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने पूरे देश में निजी ड्रोन उड़ाने पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व पाकिस्तानी सेना अधिकारी आदिल रजा ने दावा किया कि अफगानिस्तान से उड़ाए गए ड्रोन ने इस्लामाबाद के पास एक न्यूक्लियर एनर्जी सेंटर समेत कई अहम सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पाक की संसद में निंदा प्रस्ताव

पाकिस्तान की सीनेट ने अफगानिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगे किसी भी उकसावे पर कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना मुख्यालय का दौरा कर जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई। पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने अफगान तालिबान सरकार को गैर-कानूनी बताते हुए आरोप लगाया कि वहां महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकार छीने जा रहे हैं। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि अअक्क अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

## क्राइम ब्रांच का दावा

### रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में मिला अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन

**मुंबई।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई वाले घर पर फायरिंग मामले में जांच जारी है। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े सुराग लग रहे हैं।




मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के लिए एटीएम के जरिए फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच गहनता से जांच कर रही है।

मुंबई क्राइम ब्रांच की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग को अंजाम देने वाले शूटर्स को नेपाल से रकम दी गई थी। यह रकम सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई थी, जिसमें एटीएम के जरिए कैश ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल किया गया था। बताया जाता है कि आरोपियों के खाते में रकम अज्ञात व्यक्ति के जरिए डाली गई थी। पुलिस सभी की बैंक डिटेल्स खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, इस लेनदेन का कनेक्शन नेपाल से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस मामले में आगरा से पकड़े गए आरोपियों को अक्सर फंडिंग की जाती थी। क्राइम ब्रांच ने जांच के लिए संबंधित बैंकों को आधिकारिक पत्र भेजकर आरोपियों के खातों की जानकारी मांगी है। इसमें बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजैक्शन हिस्ट्री और रकम जमा करने वाले व्यक्ति की जानकारी मांगी गई है। पुलिस को शक है कि मामले में बाहर की आतंकी शक्तियां भी शामिल हो सकती हैं।

#### 12 आरोपी हुए गिरफ्तार

ख्याल रहे कि रोहित शेट्टी के जुहू वाले बंगले पर अचानक कुछ हमलावरों ने गोलीबारी की थी। हमले में किसी को चोट नहीं पहुंची है। मामले में पुलिस 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये गिरफ्तारियां उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से हुई हैं।

## अमेरिका: मां-बेटी की हत्या कर दामाद पर भी धारदार हथियार से हमला



**वाशिंगटन।** फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, अमेरिका के फेयरफैक्स काउंटी में सुबह एक आदमी ने अपनी ही पत्नी और बेटी का कत्ल कर दिया। आदमी ने अपने दामाद को भी मारने की कोशिश की। फेयरफैक्स में 54 साल के छत्र थापा नाम का शख्स जैसे ही पत्नी और बेटी को मारने के बाद अपने दामाद पर धारदार हथियार से हमला कर रहा था, तब पुलिस ने उसे गोली मार दी और वो वहीं मर गया।

**पिता ने ही किया मां-बेटी का कत्ल:** फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, ऑफिसर सुबह करीब 5 बजे पर्सिमन ड्राइव के 3900 ब्लॉक में एक रिपोर्टेड हमले की सूचना पर पहुंचे। पुलिस ऑफिसर ने अपार्टमेंट के बाहर एक महिला को धारदार हथियार से हमला होने के बाद खून से लथपथ तड़पते हुए देखा। घर के अंदर एक और महिला को भी घायल पाया गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें फेयरफैक्स का 54 साल का छत्र थापा हथियार लिए हुए और एक दूसरे आदमी पर हमला कर रहा था। जब ऑफिसर पहुंचे तो छात्र थापा अपने दामाद पर हमला कर रहा था।

## लिव-इन पार्टनर की बेटी से रेप के बाद हत्या, डीएमके नेता गिरफ्तार

# तमिलनाडु: ढाई साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

**श्रीनगर, एजेंसी**

**कृष्णागिरी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में एक ढाई साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। रूलिंग द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की यूथ विंग के एक पदाधिकारी ने ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसका मर्डर कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने पेरियानायगम की लिव-इन पार्टनर की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। बच्ची को दिसंबर में हेल्थ प्रॉब्लम हुई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के बायोलॉजिकल पिता को बेटी की संदिग्ध हालात पर शक हुआ, जिसके बाद उसने अथॉरिटीज से इस बारे में बात की। बच्ची की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंदरूनी चोटें मिलीं, जिससे सेक्सुअल असॉल्ट का शक और पक्का हो गया। बच्ची की अभी फाइनल फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक, सीनियर पुलिस ऑफिसर ने बताया, 'सस्पेक्ट ने बच्ची के साथ सेक्सुअल असॉल्ट करने की बात कबूल कर ली है। हमने उसे प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (POCSO) एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।'

### एक ही दिन में लड़की के साथ दो बार दुष्कर्म के बाद हत्या



**जगतसिंहपुर।** ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 23 वर्षीय युवती के साथ एक ही दिन में दो अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया गया और बाद में उसे चार मंजिला इमारत से नीचे फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और अपहरण, दुष्कर्म व हत्या सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 22 फरवरी की है। 22 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे युवती अपने प्रेमी सोमनाथ ओझा के साथ घर से भागकर शादी करने की योजना बनाकर निकली थी। प्रेमी सोमनाथ ने उसे शादी का झांसा देकर जगतसिंहपुर के सरला मंदिर बुलाया था। युवती जब वहां पहुंची, तो शादी करने के बजाय आरोपी प्रेमी उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसे रहमा बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया।

## मेट्रो एंकर

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: सुपर 8 स्टेज अपने आखिरी दौर में

# सेमीफाइनल की दौड़: टीमों के लिए सरदर्द बना रन रेट का खेला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सेमीफाइनल की दौड़ अब और तेज हो गई है, क्योंकि दोनों ग्रुप में सिर्फ दो ही जगहें बची हैं। सुपर 8 स्टेज अपने आखिरी दौर में है और अब सिर्फ एक राउंड के मैच बाकी हैं। हर टीम ने कम से कम दो-दो मैच खेल लिए हैं। दो टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जबकि दो टीमें बाहर हो चुकी हैं। बाकी दो जगहों के लिए चार टीमें मुकाबले में बनी हुई हैं।

क्वालीफिकेशन की जंग आखिरी पलों तक पहुंच गई है, ऐसे में नेट रन रेट का रोल अहम हो गया है। हर टीम सिर्फ दो अंक हासिल करने के लिए ही नहीं, बल्कि अपना नेट रन रेट सुधारने के लिए भी जीतना चाहती है, ताकि अगर अंक बराबर हो जाएं तो उन्हें फायदा मिल सके। इसका मतलब है कि एक बड़ी हार या बड़ी जीत




तय कर सकती है कि कौन सी टीम नॉकआउट में पहुंचेगी या बाहर हो जाएगी।

**NRR = (कुल बनाए गए रन कुल खेले गए ओवर) - (कुल दिए गए रन कुल फेंके गए ओवर): स्टेप 1: नेट रन रेट की गणना:** पहली टीम द्वारा बनाए गए कुल रन को टीम के द्वारा खेले गए कुल ओवर से विभाजित करें, इससे उसका रन रेट पता चलेगा। **स्टेप 2:** विरोधी टीम का नेट रन रेट: विरोधी टीम द्वारा दिए गए कुल रन को पहली टीम द्वारा फेंके गए कुल ओवर से विभाजित करें। **स्टेप 3:** पहली टीम का रन रेट - विपक्षी टीम का रन रेट = नेट रन रेट। **अपवाद नियम:** जब कोई टीम ऑल आउट हो जाती है। अगर कोई टीम अपने ओवर पूरे करने से पहले ऑल आउट हो जाती है, तो पूरे ओवर की गिनती की जाती है. उदाहरण के लिए, टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच में, भारत ने 18.5 ओवर में 111 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 187 रन बनाए। अगर अपवाद नियम लागू नहीं होता, तो भारत का नेट रन रेट ( 111 ÷ 18.5 ) - ( 187 ÷ 20 ) = -3.35 होता।

### ऐसे निकाला जाता है क्रिकेट में नेट रन रेट

नेट रन रेट (NRR) निकालने के लिए टीम के प्रदर्शन को देखा जाता है। यह टीम के प्रति ओवर बनाए गए औसत रन और प्रति ओवर दिए गए औसत रन के बीच का अंतर होता है। अगर कोई टीम अपने पूरे ओवर खत्म होने से पहले ऑल आउट हो जाती है (जैसे 20 ओवर के मैच में 15 ओवर में ऑल आउट हो गई), तो फिर भी पूरे 20 ओवर को ही गिना जाता है। इससे टीम को जल्दी आउट होने का नुकसान होता है और वे रन रेट 'बचाने' के लिए जल्दी आउट नहीं हो सकतीं। गेंदबाजी करने वाली टीम के लिए सिर्फ असल में फेंके गए ओवर ही गिने जाते हैं। लेकिन अगर कोई टीम 12 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लेती है, तो उसके 'ओवर्स फेस्ड' में वही 12 ओवर गिने जाएंगे, जिससे उसका हत्र्क्र काफी बढ़ जाता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564